वर्ष 24, अंक 124, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज  गुरूवार 13 नवंबर 2025  विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## पत्रकारों का एग्जिट पोल:

# नीतीश कुमार को बंपर फायदा, BJP को 18 सीटों का नुकसान

**बिहार**

**बिहार** चुनाव 2025 के लिए एबीपी लाइव द्वारा कराए गए पत्रकारों के एग्जिट पोल में भारतीय जनता पार्टी को तगड़ा झटका लग सकता है. इस एग्जिट पोल के अनुसार बीजेपी को 15 से ज्यादा सीटों का नुकसान होता दिख रहा है. एबीपी लाइव ने 150 पत्रकारों की राय के आधार पर राज्य की 243 विधानसभा सीटों के लिए एग्जिट पोल किया है. पत्रकारों की राय के मुताबिक राज्य में भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार बन सकती है और राष्ट्रीय जनता दल की अगुवाई वाले महागठबंधन की सीटों का आंकड़ा 100 से कम रह सकता है. 150 पत्रकारों के अनुसार एनडीए को 125 सीटें मिल सकती हैं. वहीं महागठबंधन का दायरा 87 सीटों पर सिमट सकता है. एग्जिट पोल के अनुसार पार्टीवार बात करें तो एनडीए में जनता दल यूनाइटेड एक बार फिर बड़े भाई की भूमिका में लौटती दिख सकती है.



**किसको कितनी सीट?**

पत्रकारों के मुताबिक जदयू को 59, बीजेपी को 56, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) 5, हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा 3 और राष्ट्रीय लोक मोर्चा को 2 सीटें मिल सकती हैं.

वहीं महागठबंधन में राजद को 55, कांग्रेस को 18, लेफ्ट को 12 और विकासशील इंसान पार्टी को 2 सीटें मिल सकती हैं. पत्रकारों के अनुसार 31 सीटों पर तगड़ी लड़ाई है.

**2020 में कितनी सीटों पर जीती थी RJD, BJP?**

एग्जिट पोल की तुलना साल 2020 के परिणामों से करें तो राजद को 75 सीटें मिलीं थीं. वहीं बीजेपी को 74, जदयू को 43, कांग्रेस को 19, लेफ्ट में सीपीआईएमएल को 12 और एआईएमआईएम को 5 सीटें मिलीं थीं.

पत्रकारों की राय अगर नतीजों में तब्दील होती है तो राजद को तगड़ा नुकसान हो सकता है. न सिर्फ राजद बल्कि बीजेपी, कांग्रेस के हिस्से भी सीटों का नुकसान आ सकता है. जबकि जदयू को 16 सीटों का लाभ मिल सकता है.

वहीं बीजेपी को 18, राजद को 20, कांग्रेस को 1 और लेफ्ट को 8 सीटों का नुकसान हो सकता है.

चूंकि 31 सीटों पर सियासी मुकाबला कड़ा है ऐसे में ऊपर जिन पार्टियों को फायदा या नुकसान बताया गया है, वह आंकड़ा बदल सकता है क्योंकि इन सीटों पर जो भी परिणाम आएंगे, उनका बंटवारा इन्हीं गठबंधनों या दलों के बीच होगा.

पत्रकारों के एग्जिट पोल में अनंत सिंह, मैथिली ठाकुर, खेसारी का क्या हाल?

पत्रकारों के एग्जिट पोल में गोविंदगंज सीट से राजू तिवारी आगे चल रहे हैं. वह चिराग पासवान की पार्टी एलजेपी-आर के प्रदेश अध्यक्ष हैं. बेतिया सीट पर बीजेपी की रेणु देवी आगे चल रहीं हैं. वह बिहार में पहले डिप्टी सीएम रह चुकी हैं.

इसके अलावा महुआ सीट पर तेज प्रताप यादव को कड़ी टक्कर मिल रही है. राघोपुर सीट से तेजस्वी यादव आगे चल रहे हैं. मोकामा सीट से अनंत सिंह जीत सकते हैं. दानापुर सीट से बीजेपी के रामकृपाल यादव आगे चल रहे हैं. तारापुर सीट पर सम्राट चौधरी जीत सकते हैं. अलीनगर से मैथिली ठाकुर पीछे चल रहीं हैं और छपरा में खेसारी लाल यादव को कड़े मुकाबले का सामना करना पड़ सकता है।

## फरीदाबाद में दोस्त के घर से मिली संदिग्ध उमर की इकोस्पोर्ट, दिल्ली ब्लास्ट की परतें खुलेंगी

**नई दिल्ली**

**दिल्ली** के लाल किले के पास हुए घातक विस्फोट के एक संदिग्ध से जुड़ी लाल रंग की फोर्ड इकोस्पोर्ट कार बुधवार को एक बड़े तलाशी अभियान के बाद फरीदाबाद के खंडावली गाँव के पास एक महत्वपूर्ण सफलता के रूप में मिली। डीएल 10 सीके 0458 पंजीकरण संख्या वाली यह कार दिल्ली विस्फोट के संदिग्ध डॉ. उमर उन नबी उर्फ ??उमर मोहम्मद के नाम से पंजीकृत थी। बुधवार को पुलिस द्वारा बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू करने के कुछ घंटों बाद यह कार खंडावली




गाँव में एक घर के बाहर खड़ी मिली।


यह स्थान अल-फलाह विश्वविद्यालय से लगभग 12 किलोमीटर दूर था, जहाँ से डॉक्टरों और मौलवियों सहित कई संदिग्धों को जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिंद से कथित संबंधों के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

## यूपी में चाहिए मुस्लिमों का वोट तो अखिलेश यादव को लेना होगा ये फैसला!

**बरेली**

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव गुरुवार (13 नवंबर) को बरेली आने वाले हैं. इससे पहले ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने सपा चीफ के सामने एक बड़ी मांग रख दी है. मौलाना शहाबुद्दीन रजवी का कहना है कि अखिलेश यादव यूं तो अपने फायदे के सिए मुसलमानों के साथ उठते-बैठते हैं।

## प्रधानमंत्री ने दिल्ली विस्फोट पीड़ितों से मुलाकात की



**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को दिल्ली के लाल किले में हुए विस्फोट में घायल हुए लोगों से मिलने राष्ट्रीय राजधानी के लोक नायक अस्पताल गए। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार दोपहर भूटान की अपनी यात्रा के बाद दिल्ली पहुँचे। प्रधानमंत्री आज शाम लगभग 5:30 बजे सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (उउर) और कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें सोमवार शाम को पूरे देश को झकझोर देने वाले और कम से कम 12 लोगों की जान लेने वाले विस्फोट के बाद की स्थिति की समीक्षा की जाएगी।

अपनी दो दिवसीय भूटान यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली के लाल किले के पास हुए घातक कार विस्फोट पर गहरा दुख व्यक्त किया और आश्वासन दिया कि सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि इसके लिए ज़िम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। प्रधानमंत्री मोदी ने थिम्पू में कहा, "दिल्ली में एक दुखद घटना हुई। मैं उन परिवारों का दर्द समझ सकता हूँ जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है।" उन्होंने आगे कहा, "मैं भारी मन से यहाँ आया हूँ। इस दुख की घड़ी में पूरा देश प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा है। हमारी एजेंसियाँ इस विवाद की तह तक जाएँगी। सभी ज़िम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा।"

सोमवार शाम ऐतिहासिक लाल किले के पास खड़ी एक कार में शक्तिशाली विस्फोट हुआ, जिसमें 12 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।

## एयर इंडिया एक्सप्रेस में बम धमकी से हड़कंप, 5 बड़े एयरपोर्ट हाई अलर्ट पर

**वाराणसी**

**वाराणसी** जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक उड़ान में बम की धमकी मिली, जिसके बाद एयरलाइन ने तुरंत सरकार द्वारा नियुक्त बम खतरा आकलन समिति को सूचित किया। एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक प्रवक्ता ने कहा कि वाराणसी जाने वाली हमारी एक उड़ान में सुरक्षा संबंधी धमकी मिली। प्रोटोकॉल के अनुसार, तुरंत सूचित किया गया और सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय तुरंत शुरू किए गए। बयान में आगे कहा गया उड़ान सुरक्षित रूप से उतर गई और सभी यात्रियों को उतार लिया गया। सभी अनिवार्य सुरक्षा जाँच पूरी होने के बाद विमान को परिचालन के लिए छोड़ दिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, इंडिगो को पाँच प्रमुख हवाई अड्डों - दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद और तिरुवनंतपुरम - के लिए सुरक्षा संबंधी चिंताएँ भी मिलीं। सुरक्षा संबंधी धमकी डिजिटल माध्यम से प्राप्त हुई। सूत्रों ने बताया कि धमकी देने के लिए ईमेल के बजाय वैकल्पिक डिजिटल तरीकों का इस्तेमाल किया गया था।

## इसे सार्वजनिक क्यों करें? पीएम मोदी डिग्री विवाद में दिल्ली HC ने DU को दिया ये निर्देश

**नई दिल्ली**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आप) नेता संजय सिंह, कार्यकर्ता नीरज शर्मा और अधिवक्ता मोहम्मद इरशाद द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शैक्षणिक योग्यता से संबंधित न्यायालय के पिछले आदेशों में से एक को चुनौती देने वाली याचिका दायर करने में हुई देरी पर प्रकाश डाला। याचिका पर सुनवाई करते हुए, मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता वाली




खंडपीठ ने याचिका दायर करने में हुई देरी पर चिंता जताई और दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) से तीन सप्ताह के भीतर देरी की माफी पर आपत्तियां दर्ज करने को कहा। साथ ही, अपीलकर्ता को आपत्तियों पर जवाब दाखिल करने की अनुमति भी दी। इस मामले पर अदालत में जनवरी में आगे सुनवाई होगी। याचिका के माध्यम से याचिकाकताओं ने उच्च न्यायालय की एकल पीठ द्वारा पारित आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें कहा गया था कि शैक्षणिक रिकॉर्ड व्यक्तिगत जानकारी होती है, यहां तक ??कि सार्वजनिक पद पर आसीन लोगों के लिए भी, और इसलिए, उन्हें प्रकट करने में कोई सर्वोपरि सार्वजनिक हित नहीं है।

## देवभूमि परिवार योजना सहित इन 12 प्रस्तावों मिली मंजूरी

**उत्तराखंड**

**उत्तराखंड** के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार (12 नवंबर 2025) को हुई मंत्रिमंडल बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए. धामी कैबिनेट की इस बैठक में कुल 12 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई. बैठक का सबसे अहम निर्णय उपनल के कार्मिकों को न्यूनतम वेतनमान और महंगाई भत्ता (डीए) देने के लिए एक सब-कमेटी गठित करने का रहा. कमेटी के गठन के लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत किया गया है, जो दो माह में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी.



बैठक में शहरी विकास विभाग के तहत स्थानीय निकायों में पीएमयू के गठन को मंजूरी दी गई. यह इकाई नगर स्वास्थ्य अधिकारियों के कार्यों का पर्यवेक्षण, स्वास्थ्य निधियों की मॉनिटरिंग, मानव संसाधन प्रबंधन और प्रशिक्षण का कार्य करेगी.

वित्त विभाग ने टेंडर प्रक्रिया में महत्वपूर्ण बदलाव किया है. अब बिड सिक्योरिटी के लिए बैंक गारंटी या एफडीआर के साथ-साथ इंश्योरेंस सिक्योरिटी फॉर्म का भी विकल्प उपलब्ध रहेगा. कारागार प्रशासन विभाग में सूचना प्रौद्योगिकी विंग के गठन को स्वीकृति दी गई, जिसमें दो कंप्यूटर प्रोग्रामर और दो सहायक पद होंगे.

विनियमितिकरण नियमावली 2025 को मंजूरी मंत्रिमंडल ने दैनिक वेतन, संविदा, अंशकालिक और तदर्थ कार्मिकों के विनियमितिकरण नियमावली 2025 को भी मंजूरी प्रदान की. आपदा प्रभावित क्षेत्रों के लिए राहत राशि बढ़ाने का निर्णय लिया गया. अब मृतकों के परिजनों को एसडीआरएफ मद से 5 लाख रुपये और पक्के मकानों के ध्वस्त होने पर पर्वतीय क्षेत्रों में 3 लाख तथा मैदानी क्षेत्रों में 2.80 लाख रुपये के साथ मुख्यमंत्री राहत मद से अतिरिक्त 1 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी,

'देवभूमि परिवार योजना' के तहत प्रमाण पत्र को मंजूरी

इसके अलावा केंद्र पोषित बागवानी मिशन योजना में केंद्रांश के 40 प्रतिशत अनुदान की भुगतान जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी. राज्य में ह्लदेवभूमि परिवार योजनाह्व के तहत परिवार पहचान प्रमाण पत्र बनाने को भी स्वीकृति मिली, जिससे परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और लाभों की जानकारी एकीकृत रूप में उपलब्ध कराई जाएगी।

## इतनी बदनामी के बाद अब हमें नौकरी कौन देगा?

**फरीदाबाद**

**फरीदाबाद** के धौज स्थित अल-फलाह मेडिकल कॉलेज एक बार फिर सुर्खियों में है। लेकिन वजह कोई अकादमिक उपलब्धि नहीं, बल्कि आतंकवाद से जुड़ी गिरफ्तारियां हैं। दरअसल इस कॉलेज के इमरजेंसी विंग में कार्यरत जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर डॉ. मुजम्मिल गनई को जम्मू-कश्मीर पुलिस ने ह्लअंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय आतंकी मॉड्यूलह्व से जुड़े होने के आरोप में गिरफ्तार किया है। वहीं दो अन्य डॉक्टर, डॉ. शाहीन अंसारी और डॉ. उमर नबी को भी इस केस से जोड़ा गया है। हम आपको बता दें कि अल-फलाह यूनिवर्सिटी को



2014 से अल-फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट संचालित कर रहा है। यहां की कुलपति और मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. भूपिंदर कौर आनंद हैं।

उधर, कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र इस पूरे घटनाक्रम से परेशान हैं। एक छात्र ने कहा, ह्लहमने यहां पढ़ाई के लिए एक करोड़ रुपये खर्च किए, हॉस्टल का किराया तीन लाख रुपए सालाना है। अब अगर कॉलेज की छवि खराब हो गई, तो नौकरी कौन देगा?ह्व कॉलेज के छात्रों के अनुसार, मुजम्मिल से उनका कोई विशेष संपर्क नहीं था।

## CBI का खुलासा: तिरुपति मंदिर के लड्डू में मिला नकली घी, हरिद्वार फैक्ट्री से जुड़ा 250 करोड़ का घोटाला

**नई दिल्ली**

देश के सबसे पवित्र और प्रतिष्ठित धार्मिक स्थलों में से एक तिरुपति तिरुमाला देवस्थानम अब एक बड़े घोटाले की चपेट में आ गया है. उइक की विशेष जांच टीम ने खुलासा किया है कि भगवान तिरुपति के प्रसिद्ध लड्डू प्रसादम्ह में इस्तेमाल किया गया घी नकली था. जांच में पता चला है कि यह घोटाला उत्तराखंड के हरिद्वार जिले के भगवानपुर में स्थित भोले बाबा ऑर्गेनिक डेयरी मिल्क प्राइवेट लिमिटेड से जुड़ा है.

उइक द्वारा नेल्लोर कोर्ट में दाखिल रिपोर्ट के अनुसार, इस फैक्ट्री ने वर्ष 2019 से 2024 के बीच ळळऊ को करीब ?250 करोड़ मूल्य का 68 लाख किलोग्राम नकली घी सप्लाई किया. जांच में यह तथ्य सामने आया कि फैक्ट्री ने इस अवधि में न तो दूध खरीदा और न ही मक्खन, जो घी उत्पादन के लिए आवश्यक होता है. आरोपी अजय कुमार सुगंध ने पूछताछ में स्वीकार किया कि नकली घी तैयार करने के लिए मोनोडिग्लिसराइड्स और एसिटिक एसिड एस्टर जैसे हानिकारक रासायनिक यौगिकों का उपयोग किया गया था. उइक रिपोर्ट में यह भी पुष्टि हुई कि घी में पशु वसा और सिंथेटिक तत्वों का प्रयोग किया गया।

# लाल किले पर 26 जनवरी को हमले की थी साजिश?

## फरीदाबाद से गिरफ्तार 'व्हाइट कॉलर' आतंक मॉड्यूल की जांच से हुआ खुलासा!

**नई दिल्ली**

क्या लाल किले पर 26 जनवरी को आतंकी हमला करने की साजिश रची गई थी? यह सवाल इसलिए उठा है क्योंकि कार धमाके की जांच कर रही दिल्ली पुलिस को इस दिशा में संकेत मिले हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार 10 नवंबर को लाल किले के पास हुए विस्फोट का संबंध एक बड़ी आतंकी साजिश से हो सकता है जो गणतंत्र दिवस समारोह को निशाना बनाने के इरादे से रची गई थी। हम आपको बता दें कि फरीदाबाद में हाल ही में पकड़े गए ह्लव्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूलह्व के सरगना, डॉ. मुजम्मिल गनई के मोबाइल डाटा की जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। मोबाइल डंप डाटा और टावर लोकेशन से यह पता चला है कि डॉ. गनई ने जनवरी 2025 के पहले सप्ताह में कई बार लाल किले और उसके आसपास के इलाकों का दौरा किया था।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, ह्लडॉ. मुजम्मिल की मोबाइल लोकेशन बार-बार लाल किले के आसपास पाई गई है। यह उनके द्वारा की जा रही एक सुनियोजित रेकी का हिस्सा थी, जो संभवतः 26 जनवरी के हमले की तैयारी थी ह्व गौरतलब है कि हर वर्ष गणतंत्र दिवस की परेड का समापन लाल किले के निकट होता है। इस पूरे क्षेत्र में राष्ट्रपति भवन से लेकर लाल किले तक सुरक्षा का कड़ा घेरा रहता है। हजारों सुरक्षाकर्मी तैनात रहते हैं और वीवीआईपी आवाजाही होती है। ऐसे में



आतंकियों द्वारा इस रूट को निशाना बनाने की योजना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरे का संकेत है।

जांच अधिकारियों के अनुसार, मुजम्मिल गनई और उनके साथी डॉ. उमर नबी ने कई बार लाल किले और उससे सटे इलाकों का दौरा किया था। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश द्वारों, भीड़भाड़ के समय और पुलिस गश्त के पैटर्न का गहराई से अध्ययन किया। सीसीटीवी फुटेज और टावर लोकेशन डेटा ने इन दावों की पुष्टि की है।

दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा अब गनई और नबी के डिजिटल फुटप्रिंट का विश्लेषण कर रही है। जांच में यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इस मॉड्यूल को फंडिंग कहां से मिल रही थी, विस्फोटक कैसे और किस चैनल से मंगाए गए और क्या इनके पीछे कोई विदेशी हैंडलर सक्रिय था। इसके अलावा, उमर नबी की भी गतिविधियों की पड़ताल हो रही है।

# एसीपी कौंधियारा अब्दुस सलाम खान ने किया थाना कौंधियारा का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण

## अनुशासन और साफ-सफाई की सराहना

**अखंड भारत संदेश**

**कौंधियारा।** बुधवार को एसीपी कौंधियारा अब्दुस सलाम खान ने थाना कौंधियारा का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाने में रखे सभी शस्त्रों, अभिलेखों और विभिन्न रजिस्टरों की गहन जांच की गई। इस मौके पर थाना कौंधियारा के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। एसीपी ने सभी कर्मियों का टर्नआउट चेक किया और अनुशासन एवं वेशभूषा की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान थाने में रखे कुछ अभिलेखों एवं रजिस्टरों में रख-रखाव संबंधी कमियां पाई गईं, जिन पर उन्होंने तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि रिकॉर्ड का रखरखाव और अद्यतन कार्य पुलिस की जिम्मेदारी का अहम हिस्सा है।थाना परिसर और बैरक की साफ-सफाई उच्च स्तर की पाई गई, जिसकी एसीपी अब्दुस सलाम खान ने सराहना की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और व्यवस्थित थाना ही अनुशासित पुलिस बल की पहचान है।

निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी कौंधियारा कुलदीप शर्मा, उप निरीक्षक अभय यादव, रिशुकान्त श्रीवास, अवशेष कुमार, नरेश कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। निरीक्षण के अंत में एसीपी ने सभी पुलिसकर्मियों को अपने कर्तव्यों का निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए।



थाना कौंधियारा का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण करते एसीपी कौंधियारा अब्दुस सलाम खान

## जंघई जंक्शन पर आरपीएफ, जीआरपी ने किया चेकिंग




**जंघई।** लाल किला दिल्ली में हुए कार बम ब्लास्ट के मद्देनजर जंघई जंक्शन रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ, जीआरपी जंघई ने मंगलवार रात में चेकिंग अभियान चलाया एवं यात्रियों से पूछताछ करते हुए को बैग, अटैची को खोलकर चेक किया। आरपीएफ प्रभारी दीपक कुमार, जीआरपी प्रभारी अरुण मिश्रा के नेतृत्व मे चेकिंग अभियान चलाया गया। प्लेटफार्म नंबर एक, दो, तीन, चार, पांच पर व सकुर्लेटिंग एरिया मे चेकिंग अभियान चलाया गया। हेड कांस्टेबल कैलाश यादव, मो. आशिक, मो. सरफराज, अभिनीत द्विवेदी, कमलेश यादव पवन कुमार आदि लोग चेकिंग में शामिल रहे।

## धमकी और पुलिस की निष्क्रियता से तंग पीड़िता ने मुकदमा वापस लेने की लगाई गुहार

### आरोपी दो महीने से फरार

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** आपत्तिजनक वीडियो बनाकर महिला को ब्लैकमेल करने के मामले में पुलिस की उदासीनता और आरोपी की गिरफ्तारी न होने से आहत पीड़िता ने पुलिस आयुक्त से अपने ही मुकदमे में कोई कार्रवाई न करने की गुहार लगाई है। पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं क्योंकि लगातार मिल रही धमकी से डरकर पीड़िता न्याय की उम्मीद छोड़ रही है।

कीडगंज की रहने वाली पीड़िता झूंसी स्थित एक पैथोलॉजी में काम करती थी। आरोप है कि पैथोलॉजी संचालक ने आर्थिक स्थिति का फायदा उठाकर महिला का अश्लील वीडियो बनाया और ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर पहले पुलिस ने हीलाहवाली की फिर मामला उच्च अधिकारियो तक पहुचा तो झूंसी पुलिस ने एफआईआर तो दर्ज कर ली, लेकिन दो महीने बीत जाने के बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी की पत्नी लगातार उसे मुकदमे में सुलह-समझौता करने की धमकी दे रही है और आपत्तिजनक वीडियो कई लोगों को भेजकर बदनाम करने का भी प्रयास किया है। वहीं पुलिस पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए पीड़िता ने कहा कि आरोपी को पकड़ने के बजाय पुलिसकर्मी उसे और उसके परिवार को ही परेशान कर रहे हैं। यहां तक कि कुछ दिन पहले बाइक सवारों ने भी उसकी स्कूटी रोककर धमकाया था। लगातार मिल रही धमकियों और पुलिस के असहयोग से डरकर पीड़िता ने अंततः अपना मुकदमा वापस लेने का फैसला कर लिया है। पीड़िता के इस निर्णय ने न्याय दिलाने में पुलिस की विफलता पर बड़ा प्रश्नचिह्न लगा दिया है।

## डॉ. शिव ओम तिवारी ने संभाला प्रधानाचार्य का प्रभार



**प्रयागराज।** बुधवार को डॉ. शिव ओम तिवारी ने डॉ. के.पी. जायसवाल इंटर कॉलेज, प्रयागराज में प्रधानाचार्य पद का कार्यभार ग्रहण किया। वे पूर्व में चाहरवाटी इंटर कॉलेज, आगरा में कार्यरत थे और स्थानांतरण के बाद यहां आए हैं। डॉ. तिवारी अर्थशास्त्र के प्रख्यात विद्वान हैं और उनके कई शोध लेख राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं।

कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि कॉलेज की शैक्षिक गुणवत्ता, अनुशासन और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने शिक्षकों से टीम भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया और कॉलेज को उत्कृष्ट संस्थान के रूप में स्थापित करने का संकल्प दोहराया।

इस अवसर पर श्याम मोहन जायसवाल, डॉ. संतोष शुक्ल, डॉ. अभिषेक मिश्र, डॉ. शैलेश पांडेय, डॉ. राधाकृष्ण मिश्र, अजय सिंह, सूर्य प्रकाश सहित सभी शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 7.5 करोड़ की पेयजल योजना 11 साल से अधूरी

### प्रयागराज के मांडा खास में ग्रामीण जलापूर्ति शुरू करने की मांग

**अखंड भारत संदेश**





**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के विकास खण्ड मांडा में साढ़े सात करोड़ रुपये की मांडा खास पुनर्गठन पेयजल योजना 11 साल बाद भी शुरू नहीं हो पाई है। वर्ष 2014 में शुरू हुई इस योजना के उपकरण और मशीनें खराब हो रही हैं, जिससे स्थानीय ग्रामीण तत्काल जलापूर्ति शुरू करने की मांग कर रहे हैं।

इस योजना का शिलान्यास तत्कालीन सपा विधायक गामा पांडेय ने 2014 में मांडा खास स्थित रानी के तालाब पर किया था। इसका निर्माण प्रयागराज के निर्माण खंड पेयजल समूह के अधिशाषी अभियंता द्वारा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के उद्देश्य से कराया गया था।

योजना का निर्माण कार्य 2014 के अंत तक पूरा हो गया था, लेकिन पाइपलाइन न बिछ पाने के कारण पेयजल आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी। यदि यह योजना क्रियान्वित होती, तो मांडा विकास खंड की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत मांडा खास, हंडिया, नकटी, भरारी द्वितीय और गिरधरपुर सहित कई गांवों के हजारों ग्रामीणों की पेयजल समस्या हल हो जाती।

जनपद के दक्षिणी पहाड़ी भूभाग में स्थित मांडा विकास खंड के कई गांवों में गर्मियों के दौरान पेयजल की गंभीर किल्लत रहती है। इस योजना से क्षेत्र के लोगों को बड़ी उम्मीदें थीं, क्योंकि यह उनकी दीर्घकालिक समस्या का समाधान कर सकती थी।

हालांकि, 2014 में सपा सरकार का कार्यकाल समाप्त होने के बाद यह महत्वपूर्ण पेयजल योजना अधर में लटक गई। तब से लेकर आज तक इसे शुरू नहीं किया जा सका है, जिससे इसकी लागत और उद्देश्य दोनों पर सवाल उठ रहे हैं।

विभिन्न गांवों के ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों और प्रदेश सरकार से इस 11 साल पुरानी योजना से जलापूर्ति शुरू करने की मांग की है। मांडा खास निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य अखिलेश कन्नौजिया ने बुधवार को इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को एक प्रार्थना पत्र भी सौंपा है। प्रयागराज जल निगम विभाग के अधिशाषी अभियंता प्रवीण कुमार से इस संबंध में फोन पर संपर्क किया गया। उन्होंने बताया कि वे वर्तमान में एक बैठक में व्यस्त हैं और बैठक के बाद बात करने को कहा।

अधिशाषी अभियंता जल निगम प्रयागराज के आदेशानुसार जेई जल निगम मांडा महेन्द्र प्रताप ने बताया कि पानी की टंकी से सप्लाई चालू है। लेकिन टंकी लोड करने के लिए बोरिंग में पर्याप्त पानी नहीं है । पकरी सेवार गंगा नदी योजना के अन्तर्गत गंगा नदी से पानी लेकर उसे फिल्टर करके मांडा, मेजा व कोरांव की टंकी में पानी लोड किया जाएगा । और पहाड़ी क्षेत्र में जहां पानी नहीं पहुंच पायी है वहा पर गजा कम्पनी द्वारा डेढ़ साल से लोहे की पाइप बिछाने का कार्य कर रही है। ट्यूबेल के आस पास के लोगों को पानी सप्लाई जा रहा है। उक्त जानकारी जेई जल निगम ने दी है।

## बाजारों में तेजी से लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर

**मांडा।** क्षेत्र के विभिन्न बाजारों में बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य तेजी से जारी है। जानकारी के अनुसार अब तक लगभग चार सौ कामर्शियल मीटर बदले जा चुके हैं। जीएमआर के कर्मचारियों के साथ मांडा रोड विद्युत उपकेंद्र के कर्मचारी धर्मवीर, सुनील पांडेय, गुड्डू पांडेय और माता प्रसाद आदि ने मिलकर मांडा खास, चिलबिला और दिघिया बाजार में पुराने मीटर हटाकर नए स्मार्ट मीटर लगाए हैं। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि फिलहाल सिर्फ बाजारों के व्यावसायिक (कामर्शियल) उपभोक्ताओं के मीटर बदले जा रहे हैं। गांवों में घरेलू उपभोक्ताओं के मीटर दूसरे चरण में बदले जाएंगे। स्मार्ट मीटर लगने से बिजली उपभोक्ताओं को सटीक रीडिंग और पारदर्शी बिलिंग की सुविधा मिलेगी, साथ ही बिजली चोरी पर भी अंकुश लगने की उम्मीद जताई जा रही है।

# शंकरगढ़ रेलवे क्रॉसिंग पर जल्द मिलेगा जाम से निजात, रेलवे अभियंताओं ने किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** नगर में स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर प्रतिदिन लगने वाला जाम लोगों के लिए बड़ी समस्या बन चुका है। बाजार के व्यस्त समय में घंटों तक जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे आमजन, स्कूल जाने वाले बच्चों, एंबुलेंस व आवश्यक सेवाओं को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए बुधवार को रेलवे विभाग के अभियंताओं की टीम ने क्रॉसिंग का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने रेलवे अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराया तथा कई व्यावहारिक सुझाव भी दिए। उन्होंने बताया कि जाम की वजह से न केवल यातायात बाधित होता है, बल्कि व्यापारिक गतिविधियों पर भी असर पड़ रहा है।मंडल अभियंता ने बताया कि अगले दो-तीन दिनों में ज्योति गेस्ट हाउस की तरफ से कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि इस कार्य के पूरा होते ही जाम की समस्या में काफी हद तक सुधार होगा और लोगों को राहत मिलेगी।इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष त्रिपाठी, अरुण चौरसिया, मसुरियादीन वर्मा, मुखिया केसरवानी, अरविंद केसरवानी, पंकज गुप्ता, मीडिया प्रभारी रामजतन बंसल, उमा वर्मा, सोमनाथ वर्मा सहित व्यापार मंडल व स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## नैनी में धूमधाम से मनाया गया श्री श्याम महोत्सव, 501 ध्वज की यात्रा भी निकली



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में आयोजित श्री श्याम महोत्सव में मंगलवार शाम को 501 ध्वज की यात्रा निकाली गई। यात्रा सरगम तिराहा स्थित त्रिमुखी मंदिर से शुरू होकर नैनी थाने के पास स्थित आयोजन स्थल पर पहुंची। आयोजन स्थल में श्याम महोत्सव को लेकर कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें पूरी रात खाटू श्याम बाबा के भजनों सं पंडाल गुलजार रहा। वहीं आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का प्रारंभ ध्वज यात्रा से हुआ। श्याम बाबा की पालकी के पीछे भक्त हाथ में ध्वज लिए डीजे में बज रहे बाबा के भजनों में नाचते गाते हुए निकले। यात्रा त्रिमुखी मंदिर से शुरू होकर सरगम तिराहा, उद्योग नगर, मेवालाल की बगिया, सब्जी मंडी, चक दाउद नगर होते हुए महोत्सव स्थल पर पहुंची। भक्तों की भारी भीड़ और बाबा के जयकारों से पूरा क्षेत्र श्याम मय हो गया। वहीं कार्यक्रम में पहुंचे महापौर गणेश केसरवानी ने भी बाबा के भजनों का आनंद लेते हुए आयोजन समिति को धन्यवाद किया। आयोजन समिति के राम लखन केसरवानी ने बताया कि यह कार्यक्रम का तीसरा साल है। पंडाल में बाबा का श्रृंगार के साथ उन्हें 56 भोग का प्रसाद चढ़ाया गया। पंडाल में मां भगवती जागरण ग्रुप के कलाकारों ने पूरी रात भजनों से पंडाल का गुलजार रखा। इस दौरान कई कलात्मक झांकियां निकाली गई। पंडाल में आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नैनी इंस्पेक्टर ब्रज किशोर गौतम भी अपने दल बल के साथ पूरी यात्रा में मौजूद रहे। कार्यक्रम में गुलाब चंद्र केसरवानी सुधीर शर्मा, जय शंकर केसरवानी, संजय केसरवानी, मनीष माकटेल,पिंटू केसरवानी, मनीष यादव, शिवा ईवेंट, अतुल केसरवानी, सुनील यादव, भोला लाईट, पप्पू लाइट, अनिरूद्ध केसरवानी, सुनील केसरवानी, रचित केसरवानी, मनोज केसरी, विकास तिवारी, रितेश केसरवानी आदि का प्रमुख योगदान रहा।

# दलित हरिजन बस्ती में नहीं है सड़क

### बभनपट्टी के ग्रामीणों को मुख्य सड़क तक पहुंचने में लगाना पड़ता है चक्कर

**अखंड भारत संदेश**



**पसना।** कोरांव क्षेत्र के बभनपट्टी गांव में दलित बस्ती के लोगों को मुख्य सड़क तक पहुंचने के लिए 2 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ता है। यह समस्या एक पुलिया के अभाव में बनी हुई है, जिसके कारण कच्ची चकरोड मुख्य काली सड़क से नहीं जुड़ पा रही है।

ग्रामीणों के अनुसार, वर्ष 2010 में एक कच्ची चकरोड का निर्माण किया गया था। यह रास्ता मुख्य रूप से हरिजन बस्ती के लोगों द्वारा उपयोग किया जाता है। पुलिया न होने के कारण, उन्हें घाड़े घड़वा बस्ती तक पहुंचने के लिए लंबा रास्ता तय करना पड़ता है।

यदि इस मार्ग पर एक पुलिया का निर्माण कर दिया जाए, तो दोनों सड़कों का जुड़ाव संभव हो सकेगा। इससे मुख्य मार्ग की दूरी घटकर लगभग 800 मीटर रह जाएगी, जिससे ग्रामीणों का समय और श्रम बचेगा। राघव प्रसाद हरिजन, शेषमणि दुबे, विकास सुनील आदिवासी और चंद्रमा हरिजन सहित कई ग्रामीणों ने इस समस्या की ओर सरकार और संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया है।

# लाखों की संख्या में पहुंचे भक्त, बुधवार को हुआ मसुरिया माता का दूसरा श्रृंगार

## भोर से ही लग गयी लंबी कतार दर्शन के लिए, देर रात तक चलती रही भीड़





**अखंड भारत संदेश**

**लालापुर।** क्षेत्र के अमिलिया गांव स्थित मसुरिया देवी धाम में बुधवार को माता का श्रृंगार किया गया।माता का दूसरा श्रृंगार देखने के लिए प्रयागराज के अलावा आस पास के जनपदों से श्रद्धालू मसुरिया धाम पहुंचे और माता का पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया ।बुधवार को लालापुर थाना क्षेत्र के अमिलिया गांव स्थित ऐतिहासिक मसुरिया धाम में माता का दूसरा श्रृंगार देखने के लिए प्रयागराज जनपद सहित आसपास के जनपद से श्रद्धालू पहुंचे और माता का दर्शन पूजन किया ।माता मसुरिया का श्रृंगार देखने के लिए भोर से ही भक्तों की कतार लग गयी जो अनवरत देर रात तक पट बंद होने तक चलती रही ।माता को फूल माला सहित सोने और चांदी के लाखों रुपए के आभूषणों से सजाया गया । श्रृंगार कर्ता लल्लू राम व सत्य प्रिय सोनकर ने बताया की तीन दिन तक महा श्रृंगार किया जाएगा।

## आग लगने से गृहस्थी का सामान खाक

**लालापुर ।** क्षेत्र के जोंधी मझियारी गांव में बुधवार को सुबह करीब साढ़े छह बजे छप्पर नुमा घर में आग लग गई, जिससे गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया । पीड़ित मैकू उर्फ असर्फी लाल ने बताया की सुबह अचानक आग लग गई, पत्नी और दोनों बच्चे सो रहे थे । किसी तरह बाहर निकाला गया ।कपड़ा, बर्तन, अनाज सहित लगभग पच्चीस हजार रुपए का नुकसान हो गया ।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी इंटरमीडिएट वर्ष 2021का प्रमाणपत्र -सह अंकपत्र जिसका अनुक्रमांक 216434828 है वास्तव में खो गया है। रोशनी कुशवाहा पुत्री अमर बहादुर निवासी ग्राम हंडिया, पोस्ट मांडा खास, थाना मांडा, तहसील मेजा, जनपद प्रयागराज।

# डॉ. शाहीन का खंगाला जा रहा इतिहास, जांच हेतु मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज प्रयागराज पहुंची एलआईयू की टीम

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** आतंकियों को तैयार करने में संदेह के घेरे में आई डॉ. शाहीन का इतिहास खंगाला जाने लगा है। दिल्ली ब्लास्ट के प्रकरण से डॉ. शाहीन का नाम उजागर होने के बाद जांच एजेंसियों ने इस दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए हैं। बुधवार को एलआईयू की स्थानीय टीम मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज पहुंची। वहां से उसका ब्यौरा लिया।

मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में 1996 में एमबीबीएस की पढ़ाई के दौरान उसकी गतिविधियों के बारे में जानने का प्रयास भी किया जा रहा है। हालांकि, डॉ. शाहीन को एमबीबीएस पास आउट हुए 25 साल से अधिक हो चुके हैं, जांच टीम यह पता लगा रही है कि इलाहाबाद (अब प्रयागराज) में रहने के दौरान उसका मेलजोल किससे ज्यादा था।

दिल्ली में हुई आतंकी घटना में लिप्त और एके-47 रखने की आरोपित डॉ. शाहीन सईद ने एमबीबीएस मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज से किया था। 1996 में प्रवेश और 2001 में कोर्स पूरा होने के बाद प्रैक्टिस कानपुर में की। ऐसा पहली बार हुआ है जब मेडिकल कॉलेज से पास आउट किसी डॉक्टर का नाम आतंकी गतिविधि में आया है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने विवरण जुटा लिया है। दिल्ली में कार ब्लास्ट की आतंकी घटना और इसमें निर्दोष लोगों के मारे जाने से रोष डॉक्टरों में भी है।

डॉ. शाहीन सईद, पुत्री सईद अहमद अंसारी के बारे में बताया गया कि पहले तो उसका प्रवेश मेरठ के मेडिकल कॉलेज में हुआ था, दूसरी काउंसिलिंग में मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में सीटें खाली होने पर शाहीन ने अपना प्रवेश मेरठ से इलाहाबाद (अब प्रयागराज) में स्थानांतरित करा लिया था। चिकित्सा पेशे की छवि बिगाड़ने में डॉ. शाहीन के कृत्य को लेकर तमाम प्रतिष्ठित डॉक्टरों में रोष है।

डॉ. शाहीन के बारे में एलआइयू ने मेडिकल कॉलेज के एजुकेशन विभाग से समस्त लिखित जानकारी जुटाई। उसका नाम, पता, एमबीबीएस में प्रवेश के दौरान लगे शैक्षिक, जाति, पते से संबंधित अभिलेख प्राप्त किए। 1996 के बैच के कुछ डॉक्टरों से भी एजेंसियां संपर्क कर सकती हैं यह पूछने के लिए कि डॉ. शाहीन की गतिविधियां तब किस प्रकार की थीं।

मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वीके पांडेय ने बताया है कि डॉ. शाहीन ने यहीं से एमबीबीएस किया था, एलआईयू की टीम आई थी। जो भी विवरण मांगा उन्हें दिया गया है।

## बेनी माधव सिंह पीजी कॉलेज को बैटमिंटन में भी दो स्वर्ण पदक

### मा कुलपति महोदय जी द्वारा गोल्ड मेडल ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया




**अखंड भारत संदेश**

थरवई । अंतर महाविद्यालयीय खेल प्रतियोगिता में बुधवार को प्रो राजेंद्र सिंह रज्जू भय्या विश्वविद्यालय प्रयागराज में बैटमिंटन खेल प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें कई महाविद्यालयों में अध्यनरत बालक बालिकाओं ने इस खेल में प्रतिभा किया। फाइनल मुकाबले में बेनी माधव सिंह महाविद्यालय के दो खिलाड़ियों में अनन्या पटेल एवं देविका प्रजापति बीपीएड प्रथम वर्ष ने जीत हासिल कर गोल्ड मेडल पर किया कब्जा। जब इस जीत खुशी की खबर कॉलेज तक पहुंची तो सभी के चेहरे खशी से झलकते नजर आये। वहीं जीत की खुशी पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ डी वी सिंह ने कहा कि आज की यह सफलता बच्चों की कड़ी मेहनत व लगन है। वही सचिव माधुरी सिंह ने भी इस जीत की खुशी जाहिर की। अध्यक्ष कृपा राम मिश्र ने भी दोनों खिलाड़ियों को ढेर सारी बधाइयाँ दीं। डॉ सीमा सिंह, डॉ बबिता सिंह, बीपीएड विभाग अध्यक्ष डॉ वी डी सिंह, राम प्रसाद, डॉ राम कैलाश यादव, डॉ करुणेश शुक्ल, परवीन जहां, सूर्य प्रताप, कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी गोपाल सिंह, सत्यनारायण मिश्र सहित सभी ने इस जीत की खुशी पर ढेर सारी बधाइयां दी और आय से आगे बढ़ाने की मंगल कामना की।

## सौतेली मां को दे दी मृतक आश्रित की नौकरी:नाबालिग बेटी को लेकर नहीं किया विचार, नगर आयुक्त प्रयागराज कोर्ट में तलब

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज ।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पिता की मौत के बाद मृतक आश्रित कोटे में सौतेली मां की नियुक्ति के समय नाबालिग बेटी की सुरक्षा, संरक्षा व भविष्य कल्याण सुनिश्चित न करने पर अधिकारियों की खिंचाई की है। नगर आयुक्त, नगर निगम प्रयागराज को 13 नवंबर को तलब किया है।कोर्ट ने कहा मृतक आश्रित सेवा नियमावली के तहत नियुक्ति परिवार के केवल एक सदस्य की हो सकती है। ऐसे में आश्रितों के हित सुरक्षित करने के लिए एक सदस्य की नियुक्ति के समय आश्रितों की देखभाल व उनके हितों की पूर्ति करने का हलफनामा लेना चाहिए।

अधिकारियों ने ऐसा कुछ नहीं किया। सौतेली मां को नौकरी दे दी और मृतक कर्मचारी की आश्रित नाबालिग याची को मामा के साथ रहना पड़ रहा है। कोर्ट ने कहा अधिकारियों का कानूनी ही नहीं नैतिक दायित्व है कि वह नाबालिग आश्रित की सुरक्षा संरक्षा व भविष्य कल्याण के हितों को सुरक्षित करें।ऐसी व्यवस्था करें ताकि आश्रित के अधिकार व हित सुरक्षित रहे। यह आदेश न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान ने वर्षा की याचिका पर दिया है।

**दूसरी पत्नी को मिल गई थी मृतक आश्रित पर नौकरी**

याची के पिता नगर निगम कर्मचारी थे। सेवाकाल में उनकी 4 जून 23 को मौत हो गई। इनकी पहली पत्नी की 2009 मे ही मौत हो गई थी तो सुशीला देवी से शादी की थी। याची की सौतेली मां की अर्जी पर उसे आश्रित कोटे में नियुक्ति दे दी गई। किंतु नाबालिग आश्रित के भविष्य कल्याण का ध्यान नहीं दिया गया।कोर्ट के निर्देश पर याची को नगर निगम ने 10,69,960 रुपए के दो चेक दिए। लेकिन उसकी पढ़ाई और भविष्य के बारे में विचार नहीं किया गया। कोर्ट ने कहा यह अधिकारियों का दायित्व था, जिसे उन्होंने नहीं निभाया। इसलिए नगर आयुक्त को कोर्ट ने तलब किया है।

## शिक्षकों की रचनात्मकता को मिला सम्मान – डायट प्रयागराज में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता एवं प्रमाणपत्र वितरण सम्पन्न

### TLM प्रतियोगिता में शिक्षकों ने दिखाया नवाचार, विजेताओं को किया गया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) प्रयागराज में उप शिक्षा निदेशक/ प्राचार्य राजेन्द्र प्रताप के निर्देशन में दो दिवसीय षष्ठम राज्य स्तरीय कलाकृति एवं शिक्षण-अधिगम सामग्री प्रतियोगिता का सफल आयोजन 10 एवं 11 नवंबर को किया गया। कार्यक्रम का संयोजन कला प्रवक्ता निधि मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में हुआ। प्रतियोगिता में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पहले दिन प्राथमिक स्तर की प्रतियोगिता में जनपद के 22 ब्लॉकों से चयनित शिक्षकों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य राजेन्द्र प्रताप की उपस्थिति में रेखा राम एवं जनार्दन सिंह (प्रवक्ता, जी.आई.सी.) द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ।

द्वितीय दिवस मे उच्च प्राथमिक स्तर पर विज्ञान एवं गणित विषयों की प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें निर्णायक के रूप में भूपेन्द्र सिंह (गणित) एवं दयाशंकर यादव (विज्ञान) शामिल रहे। शिक्षकों ने शिक्षण-अधिगम सामग्री निर्माण में नवाचार और रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समापन अवसर पर प्राचार्य राजेन्द्र प्रताप ने विजेताओं को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में एक सशक्त पहल है, जो शिक्षकों को सृजनशील शिक्षण की प्रेरणा देती है।

कार्यक्रम का संचालन डायट प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी ने प्रभावशाली ढंग से किया। सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले भाषा (हिन्दी) - रश्मि मिश्रा (सोरांव), गणित (प्राथमिक)- रूपा कनौजिया (चकिया), विज्ञान (उच्च प्राथमिक)- नीलम श्रीवास्तव (जसरा), गणित (उच्च प्राथमिक)- नेहा कुमारी (चाका) ने प्राप्त किया! डायट प्रयागराज का यह आयोजन शिक्षण-कला में उत्कृष्टता और नवाचार का प्रेरक उदाहरण बना। उक्त जानकारी विपिन ने दिया।

## दहेज के लिए महिला को ससुराल से निकाला, सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के रसूलपुर ककरा गांव निवासी मांसी शर्मा उर्फ महिमा शर्मा पुत्री मानिकचंद ने पुलिस उपायुक्त गंगानगर को प्रार्थना पत्र देकर अपने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। मांसी ने बताया कि उसकी शादी 14 फरवरी 2024 को पिंटू शर्मा पुत्र राजा राम शर्मा निवासी फतेह रसीदपुर, पोस्ट मसनी जगदीशपुर, मालापुर के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। शादी में पिता ने अपनी हैसियत से अधिक लगभग सात लाख रुपये खर्च किए थे, जिसमें पल्सर मोटरसाइकिल, सोने की अंगूठी, जंजीर, सलाई और घरेलू उपयोग की वस्तुएं दी गई थीं।

आरोप है कि विदाई के बाद से ही सास शकुंतला, ससुर राजाराम, ननद साक्षी, देवर संजय, अजय, रिंकू, पति के मौसा राजेश शर्मा, मौसी रंजना शर्मा और पति पिंटू शर्मा द्वारा लगातार दो लाख रुपये और एक बुलेट मोटरसाइकिल की मांग की जा रही थी। मांग पूरी न करने पर मारपीट व गाली-गलौज की जाती थी। मांसी के अनुसार, 21 जून 2025 को नवाबगंज थाने में समझौता हुआ था कि अब कोई विवाद नहीं होगा, लेकिन 28 अगस्त 2025 को फिर उसे मारपीट कर ससुराल से निकाल दिया गया।

डीसीपी के आदेश पर नवाबगंज पुलिस ने मामले की जांच के बाद सात आरोपितों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## शहर कांग्रेस कमेटी महासचिव की भाभी का निधन, शोक की लहर

**नैनी।** नैनी में शहर कांग्रेस कमेटी प्रयागराज के महासचिव राकेश श्रीवास्तव की भाभी विजय लक्ष्मी (63 वर्ष) पत्नी फुल चंद्र श्रीवास्तव एडवोकेट, निवासी चक दाऊद नगर, का लम्बे इलाज के दौरान मंगलवार रात्रि निधन हो गया। परिजनों के अनुसार, घर में निकट भविष्य में शादी का आयोजन होना था, लेकिन इससे पहले ही परिवार पर दुःख का पहाड़ टूट पड़ा और घर का माहौल मातम में बदल गया। निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र और कोंग्रेसियों में शोक की लहर दौड़ गई। श्रद्धांजलि देने वालों का तांता घर पर लगा रहा। इस मौके पर शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष नयन कुमार कुशवाहा, पार्षद मयंक यादव, धीरेन्द्र यादव, अंजुम नाज, नरेंद्र श्रीवास्तव पत्रकार, देवाशीष श्रीवास्तव पत्रकार, विनोद जैकब, विवेक पांडेय, संजय श्रीवास्तव, सुरेश श्रीवास्तव, संतोष कुमार, प्रदीप शर्मा, वाई.पी. श्रीवास्तव, राजा राम सिंह, विनोद श्रीवास्तव, मानव पाठक, ताकेश्वर तिवारी, दिलीप श्रीवास्तव, आयुष श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, वैभवी जोशी, अनील श्रीवास्तव सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकताओं और समाजसेवियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें।

## दरबार-ए-सफवी में चार रोजा सालाना उर्स संपन्न



**प्रयागराज।** दरबार-ए-सफवी, शाह नूर अलीगंज में सालाना उर्स-ए-मुबारक का आगाज 9 नवम्बर से शुरू हुआ, जो 12 नवम्बर 2025 तक जारी रहा। यह चार रोजा उर्स-ए-पाक हर साल की तरह इस बार भी अकीदतमंदों और मुहिब्बाने औलिया के इश्क और इबादत का मंजर पेश किया। कार्यक्रम के सैयादा नशीन (सज्जाद) हकीम रिजवान हामिद सफवी हैं, जो सज्जादा नशीन दरबार-ए-सफवी भी हैं। 9 नवम्बर इतवार से उर्स का आगाज नमाज-ए-फज्र के बाद कुरआनख़्वानी से किया गया। सुबह 9 बजे फातिहा हजरत कादिर उल्लाह शाह रहमतुल्लाह अलैह के नाम की अदा की गई ।10 नवम्बर सोमवार की दोपहर 2 बजे से महफि ल-ए-समा का आयोजन हुआ। नमाज-ए-असर के बाद कुल शरीफ की रस्म अदायगी की गयी।11 नवम्बर मंगलवार की नमाज-ए-फज्र के बाद कुरआनख़्वानी और सुबह 9 बजे फातिहा हजरत शाह इफ्तिखार उल्लाह सफवी अल-मआरूफ अब्दुर्रहमान रहमतुल्लाह अलैह की अदा हूई। रात को महफि ल-ए-समा में सूफि याना कलाम और नातों की रूहानी महफि ल सजी।

12 नवम्बर आखिरी दिन हजरत मौलाना महबूब उल्लाह अल-मआरूफ हकीम मोहम्मद हामिद सफवी रहमतुल्लाह अलैह के उर्स की रस्में अदा हूई।

सुबह 10 बजे काला डंडा कब्रिस्तान आस्ताने पर गुस्ल व चादरपोशी की रस्म अदा की गई। रात 9 बजे से दरबार-ए-सफवी, शाह नूर अलीगंज में महफि ल-ए-समा का अख्तितामी प्रोग्राम मुनअकि द हुआ, जिसके बाद उर्स-ए-मुबारक के समापन की औपचारिक घोषणा की गई।इस मौके पर विभिन्न प्रदेशों से बड़ी तादाद में अकीदतमंदों उर्स में पहुंचे। जबलपुर से आए हुए कव्वाल इब्राहिम जबलपुर ने अपने कलम से सभी का मन मोह लिया कव्वाल मोइन (ताज) उन्नाव ने एक से बढ़कर एक कलाम पेश किया, अरशद हुसैन (पप्पू) काकोरी लखनऊ ने अपने कलम पेश किया तो चारों तरफ से नोटों की बारिश होने लगी जावेद हुसैन रामपुरी ने ऐसा कलाम पेश किया सभी वाह वाह करने लगे हर तरफ से उनके ऊपर रुपए बरसने लगे ,अकरम शगुन ने कव्वालों को नजराना पेश किया महबूब डाबर ने चारो दिन उर्स में बाहर से आए हुए हकीकतमदो की खिदमत की।

कई दर्जन पत्रकारों समाजसेवी और प्रशासन के लोगों को अंग वस्त्र बुके देखकर सम्मानित किया गया शाहगंज थाना इंचार्ज कपिल कुमार चहल एल आई यू के मोहम्मद आसिफ सिद्दीकी समाजसेवी मोहम्मद अकरम शगुन को विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया।

तमाम इंतजामात और निगरानी सज्जादा नशीन हकीम रिजवान हामिद सफवी की सरपरस्ती में की जाएगी।

## दिल्ली बम विस्फोट में मारे गए लोगों को दी गई श्रद्धांजलि, दो मिनट का रखा मौन

**अखंड भारत संदेश**




**थरवई।** दिल्ली में हुए भीषण बम विस्फोट की हृदय विदारक घटना से जहां पूरे देश में शोक की लहर व्याप्त है, वहीं प्रयागराज जनपद के थरवई क्षेत्र में भी गहरा दुःख व्यक्त किया गया। बुधवार को थरवई बाजार स्थित भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ राष्ट्रीय संयोजक डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन में गंगापार कार्यालय पर क्षेत्र के स्थानीय पत्रकारों एवं संभ्रांत नागरिकों ने संयुक्त रूप से एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। दो मिनट के मौन के साथ हुई जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने विस्फोट में मारे गए निर्दोष लोगों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। सभी ने इस कृत्य घटना पर गहरा शोक जताया। इस दौरान मौजूद रहे भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ गंगापार थरवई क्षेत्रीय पत्रकारों में सज्जन द्विवेदी, श्याम कृष्ण शुक्ला, राजन तिवारी, कृष्ण कुमार यादव, गुलफाम अहमद, बिंदु गुप्ता एवं संभ्रांत लोगों में प्रमुख रूप से डॉ. राम आसरे शर्मा, शिवधर मिश्रा, पप्पू दुबे, अनिल विश्वकर्मा, अशोक कुमार यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, व्यापारी, समाजसेवी एवं पत्रकार उपस्थित रहे।

## प्रयागराज तक पहुंची दिल्ली ब्लास्ट की आंच घंटों चला चेकिंग अभियान, की गयी छानबीन

**प्रयागराज।** दिल्ली में लाल किले के पास सोमवार शाम हुए धमाके के बाद खुफिया और सुरक्षा एजेंसी की टीम मंगलवार को करेली में संदिग्ध स्थानों पर पहुंची। यहां गोपनीय ढंग से संदिग्ध स्थानों पर घंटों छानबीन की गई।

इस दौरान मिली जानकारी के आधार पर कुछ संदिग्ध युवकों के तार वर्ष 2022 में पकड़े गए आतंकी मो. जीशान कमर से जोड़े जा रहे हैं। संदिग्ध युवकों की पारिवारिक पृष्ठभूमि की जांच करते हुए उनके इंटरनेट मीडिया एकाउंट को खंगाला जा रहा है।

उनसे जुड़े प्रमाणिक साक्ष्य भी तलाशे जा रहे हैं, ताकि उसी आधार पर जांच को आगे बढ़ाया जा सके। फिलहाल अब तक की तफ्तीश में कुछ स्पष्टता नहीं होने की बात कही जा रही है। उधर, धमाके के दूसरे दिन भी प्रयागराज जिला हाई अलर्ट पर रहा। पुलिस अलग-अलग स्थान पर संदिग्ध वस्तुओं, वाहन और व्यक्तियों की चेकिंग करती रही। सूत्रों का कहना है कि सोमवार शाम दिल्ली में हुए धमाके की जांच शुरू हुई तो करेली में रहने वाले कुछ युवकों की भूमिका संदिग्ध होने के प्राथमिक इनपुट मिले थे। पता चला था कि करेली निवासी कुछ युवक उच्च शिक्षा लेने की बात कहते हुए पश्चिम उत्तर प्रदेश गए हैं। इंटरनेट मीडिया एकाउंट और दूसरे स्तर पर मिले इनपुट के आधार पर प्रथम दृष्टया संदिग्ध मानते हुए छानबीन तेज की गई। मंगलवार को खुफिया और सुरक्षा एजेंसी से जुड़े कुछ अधिकारी-कर्मचारी करेली क्षेत्र के संदिग्ध स्थान पर पहुंचे। उन्होंने गोपनीय ढंग से अपने-अपने स्तर पर छानबीन की। कुछ लोगों से पूछताछ भी हुई, जिनसे अलग-अलग जानकारी मिली। एजेंसी के लोग वर्ष 2022 में पकड़े गए आतंकी मो. जीशान और उसके चाचा हुमेदुर रहमान के बारे में भी जानकारी ली। पता चला कि दोनों जेल में बंद हैं और उनके परिवार के सदस्य अलग-अलग काम करते हैं।

जीशान और हुमेदर के घरवाले किस-किस के संपर्क में रहते हैं, इसको लेकर भी तफ्तीश हो रही है। जीशान को दिल्ली स्पेशल सेल और आतंकवाद निरोधक दस्ता ने पकड़ा था। उसे पाकिस्तान में आतंकी बनने की ट्रेनिंग दी गई थी। उसने नैनी स्थित पोल्ट्री फार्म में पाकिस्तान हथियार छिपाए थे और आनलाइन खजूर बेचने की आड़ में आतंकी गतिविधि को संचालित कर रहा था। करेली क्षेत्र में 80 फीसद से ज्यादा मुस्लिम आबादी है। इस इलाके को माफिया अतीक अहमद का गढ़ भी माना जाता है। यहां पर रहने वाले कुछ संदिग्ध युवकों के घर पर पहले भी सर्च आपरेशन चलाया गया था। आतंकी कनेक्शन सामने आने पर मो. जीशान और उसके चाचा की गिरफ्तारी की गई थी। सूत्रों का कहना है कि सुरक्षा एजेंसियां प्राथमिक इनपुट के आधार पर उन संदिग्ध युवकों का ब्यौरा खंगाल रही है, जो मूलनिवास करेली से जाकर पश्चिमी यूपी में रहने लगे हैं। इसमें उच्च शिक्षा लेने वाले से लेकर अन्य तरह के युवकों को शामिल किया गया है। हाल फिलहाल में नया पासपोर्ट बनवाने और विदेश यात्रा करने वाले भी सुरक्षा एजेंसियों के रडार पर हैं।

# सरदार पटेल की जयंती पर आयोजित यूनिटी मार्च में शामिल हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी

## अधिवक्ता हत्या के बाद पीड़ित परिवार को ढांढ़स बंधाने पहुँचे, जताया शोक

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की एक सौ पचासवीं जयंती को लेकर बुधवार को लालगंज में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी की अगुवाई में भव्य यूनिटी मार्च निकाला गया। वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व मंत्री प्रो0 शिवाकांत ओझा के संयोजन में सरस्वती डिग्री कॉलेज से अवधेश विद्या निकेतन तक निकाले गए यूनिटी मार्च में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में राष्ट्रगान के बाद यूनिटी मार्च को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाई। यूनिटी मार्च में तिरंगा झंडा लेकर प्रदेश अध्यक्ष खुद भी कार्यकताओं के साथ निकले। मार्च के दौरान सरदार पटेल अमर रहें, भारत माता की जय और एक भारत, श्रेष्ठ भारत जैसे नारे गूंजते रहे। मार्च के समापन पर सरस्वती डिग्री कॉलेज परिसर में आयोजित सभा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा सरदार वल्लभभाई पटेल ने अखंड भारत के स्वप्न को साकार किया। आज जब देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है, तब हमें सरदार पटेल की एकता की भावना को आत्मसात करने की आवश्यकता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार देश की एकता व अखण्डता और विकास के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने छात्रों को सरदार पटेल के विचारों को आत्मसात करने और समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया। प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता प्रोफेसर शिवाकांत ओझा ने भी सरदार पटेल के आदर्शों पर चलने का सभी को संकल्प दिलाया। इसके पश्चात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी सांगीपुर के पहाड़पुर के बवरिहा गांव में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बालकृष्ण पाण्डेय के घर पहुंचे। यहां उन्होंने बालकृष्ण के पिता स्व0 अधिवक्ता रुद्र प्रताप पाण्डेय के परिजनों को ढांढ़स बंधाया और उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। उन्होंने कहा कि दुःख कि इस घड़ी में वह पीड़ित परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे। बतादें कि भाजपा नेता बालकृष्ण पांडेय के पिता अधिवक्ता रुद्र प्रताप पाण्डेय की पखवारे भर पहले मारपीट कर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष लखनऊ वापस रवाना हो गए। भाजपा का कार्यकताओं ने उनका रास्ते मे जगह-जगह स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, जिला प्रभारी कौशलेंद्र पटेल, सदर विधायक राजेंद्र मौर्य, पूर्व सांसद संगमलाल गुप्ता, जिला मंत्री अजय वर्मा, नागेश प्रताप सिंह छोटे सरकार, रमेश प्रताप सिंह, ओमप्रकाश तिवारी, सुरेश सिंह, ओमप्रकाश पाण्डेय, रामजी मिश्रा, राजेन्द्र मिश्र, पप्पू जायसवाल, सत्यप्रकाश सेनानी, भाजपा महिला मोर्चा प्रतिभा सिंह, राजेश तिवारी, अमित प्रताप सिंह, रिंकू शुक्ल आदि मौजूद रहे।

### दुर्घटना में युवक घायल, रेफर

**प्रतापगढ़।** वनरोज की टक्कर से बुधवार की सुबह युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सांगीपुर थाना क्षेत्र के रामगंज बाजार निवासी विकासचंद्र 25 पुत्र हरिश्चंद्र अग्रहरि बुधवार की सुबह बाइक द्वारा लालगंज से घर जा रहा था। घुइसरनाथ पुल के समीप पूरे गुरूबक्श मार्ग पर अचानक वनरोज ने टक्कर मार दिया। दुर्घटना में विकास को गंभीर चोटें आ गयी। आसपास के लोगों की सूचना पर परिजन पहुंचे और इलाज के लिए उसे लालगंज ट्रामा सेंटर ले आये। यहां प्रारंभिक उपचार के बाद गंभीर दशा में चिकित्सकों ने विकास को रायबरेली एम्स रेफर कर दिया।

### वांछित धराया, गया जेल

**प्रतापगढ़।** अन्तू पुलिस द्वारा बुधवार को लालगंज क्षेत्र में दबिश देकर मारपीट व धमकी समेत गंभीर आरोपों में कोर्ट द्वारा वांछित आरोपी को हिरासत मे लिया गया है। अन्तू थाने के दरोगा बृजेश कुमार फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। लालगंज कोतवाली के अमावां बनकटी निवासी अमृतलाल पुत्र हरिनाथ के खिलाफ कोर्ट से वारण्ट निर्गत हुआ था। पुलिस ने आरोपी को उसके घर के समीप से हिरासत मे ले लिया। पुलिस ने आरोपी को दोपहर बाद जेल भेज दिया।

## न्यूज झरोखा

### क्राप कटिंग मशीनों एवं पराली जलाने वाले किसानों के विरूद्ध करें कार्यवाही : डीएम

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव अवस्थी ने बताया है कि 10 नवम्बर को तहसील पट्टी अन्तर्गत भ्रमण के दौरान ग्रामसभा उतरास में धान के कई खेतों में पराली जलाई जा रही थी तथा कई कम्बाइन मशीनों द्वारा धान की फसल की कटाई की जा रही थी जो बिना एस0एम0एस0 के चल रही थी। कम्बाइन मशीनों द्वारा धान की फसल के ऊपरी हिस्से को काटकर शेष अंश छोड़ दिया जाता है जिसे किसानों द्वारा जला करा समाप्त किया जाता है जिससे पर्यावरण में वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि अपनी तहसील क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील रहकर बिना एस0एम0एस0 के संचालित क्राप कटिंग मशीनों एवं पराली जलाने वाले किसानों के विरुद्ध शासनादेश के अनुसार कार्यवाही करते हुये अवगत करायें, इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता कदापि न बरती जाये।

### मेले से पहले ही पट्टी कस्बे में लगना शुरू हो गया जाम

**पट्टी।** कस्बे में जाम की समस्या आम होती जा रही है। आए दिन लोगों को जाम में फंस कर परेशान होना पड़ रहा है। आगामी 16 नवंबर से पट्टी कस्बे का ऐतिहासिक मेला शुरू होना है इसके पहले ही कस्बे में जाम की स्थिति देखी जा रही है। बुधवार की दोपहर एक बजे से करीब 3 बजे तक चैक पर जाम की स्थिति बनी रही। एक समय ऐसा भी रहा जब कोतवाली गेट से चैक तक चैक से पट्टी सामुदायिक स्वास्थ्य के गेट तक जाम की स्थिति देखने को मिली। वैसे तो चैक पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी रहती है पर भारी संख्या में पट्टी कस्बे में चल रहे ई-रिक्शा के चलते जाम लग जाता है। एक बार जाम लग गया तो यह जाम काफी देर तक चलता रहता है।

### सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा आज से

**पट्टी।** पौराणिक स्थल बाबा बेलखरनाथ धाम परिसर में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा आज से प्रारंभ होगी। सुबह नौ बजे अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचिका किशोरी मनु प्रिया की अगुवाई में सई नदी घाट से कलश यात्रा बाबा बेलखरनाथ नाथ मंदिर परिसर कथा स्थल तक निकाली जाएगी। कथा से पूर्व आयोजक प्रवीण मिश्रा एवं बद्रीनाथ गिरी एवं यज्ञाचार्य सत्यम् प्रपन्नाचार्य द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कथा की तैयारी के साथ अन्य सात दिनों के कार्यक्रम को लेकर चर्चा की और क्षेत्र के साथ जिले के अन्य लोगों से कथा में पहुंचकर सहयोग करने की बात कही। सात दिवसीय श्रीमद् भागवत बाबा बेलखरनाथ धाम मंदिर के सामने धर्मशाला में कथा का आयोजन होगा। 19 तारीख को पूणार्हुति के साथ कार्यक्रम को विश्राम दिया जाएगा। इस आशय की जानकारी कार्यक्रम के आयोजन विश्वनाथ गिरी एवं सत्यम् प्रपन्नाचार्य ने दी है।इस दौरान प्रदीप पांडेय नंद गोपाल मिश्र विभव पाण्डेय श्रवण मिश्र आशू शिवम आदि क्षेत्रवासी एवं आयोजक उपस्थित रहे सनातन धर्म रक्षा परिषद राम सेना।

### जमीनी विवाद में कुल्हाड़ी से हमला, पिता-पुत्र समेत तीन घायल

**पट्टी।** जमीन विवाद को लेकर पड़ोसियों ने कुल्हाड़ी से हमला कर पिता पुत्र सहित तीन लोगों को घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची 112 पुलिस घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजवाया। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पट्टी कोतवाली इलाके के इब्राहिमपुर गांव में पड़ोसियों ने जमीनी विवाद को लेकर बुधवार की सुबह विवाद शुरू कर दिया। विवाद के दौरान रामनारायण और उनकी बहू नीतू पर आरोपियों ने हमला बोलकर जमकर मारपीट की। मारपीट की घटना में दोनों घायल हो गए। फोन पर मिली सूचना पर जैसे ही बेटा राजकुमार मौके पर पहुंचा बाइक से उतर भी नहीं पाया कि उस पर हमलावरों ने पीछे से कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। मारपीट की इस घटना में तीनों लोग को चोटें आई है।घटना में तीन लोगों को नामजद करते हुए पुलिस को तहरीर दी गई है। बुधवार की दोपहर पुलिस घायलों को मेडिकल के लिए भेजते हुए अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है। इसी तरह पट्टी कोतवाली इलाके के गाडौरी खुर्द गांव निवासी लालबहादुर ने बुधवार को पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि पीड़ित बुधवार को दिन में अपने खेत पर धान ढोने जा रहा था। इतने में पड़ोसी अपने अज्ञात साथियों के साथ पीड़ित को रोककर गाली देते हुए लाठी डंडे से पीट कर घायल कर दिया। जिससे पीड़ित के सिर में गंभीर चोट आई है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस घायलों का मेडिकल परीक्षण करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

### उर्वरक वितरण में पारदर्शिता एवं सुगमता हेतु जिला प्रशासन कर रहा सतत निगरानी

**प्रतापगढ़।** जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार ने बताया है कि जिले में किसानों को उर्वरकों की समय पर और सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी एवं समीक्षा की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जिला कृषि अधिकारी एवं उर्वरक निरीक्षक की टीम द्वारा जिले के विभिन्न उर्वरक विक्रय केंद्रों का नियमित रूप से औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इन निरीक्षणों का प्रमुख उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसानों को पर्याप्त मात्रा में गुणवत्तापूर्ण उर्वरक निर्धारित मूल्य पर उपलब्ध हो सके। जिसके क्रम में जिला कृषि अधिकारी एवं तैनात उर्वरक निरीक्षकों द्वारा अभी कुल 140 नमूने ग्रहीत किये गये है, 60 उर्वरक विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी की गई है, 37 विक्रेताओं के लाइसेन्स निलम्बित किये गये, 13 उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेन्स निरस्त किये गये तथा 1 उर्वरक विक्रेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।उन्होने बताया है कि जनपद में 12 नवम्बर 2025 तक उर्वरकों में यूरिया 15730 मीट्रिक टन, डीएपी 4317 मीट्रिक टन व एनपीके 5864 मीट्रिक टन की उपलब्धता है। उन्होने सभी लाइसेन्स धारी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि वे कृषकों को उनकी जोतध्भूमि (खतौनी विवरण) के आधार पर उर्वरक उपलब्ध करावें। उर्वरकों की विक्रीध्वितरण के साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग, ओवर रेटिंग कालाबाजारी तथा तस्करी करते हुए जो भी विक्रेता पाया जाएगा के विरुद्ध उर्वरक अकार्बनिक, कार्बनिक या मिश्रित नियंन्त्रण आदेश-1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 में निहित प्रविधानों के अन्तर्गत कठोर कार्यवाही की जाएगी। जनपद के सभी वरिष्ठ प्राविधिक सहायक (ग्रुप-बी) एवं संबंधित क्षेत्रीय कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने विकास खंडों में उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण की निगरानी सतत रूप से करें, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसानों को उर्वरकों की उपलब्धता में किसी प्रकार की कोई समस्या न हो।उन्होने बताया है कि जनपद के कृषक भाई किसी भी प्रकार के अनियमितता यथा उर्वरकों की विक्री निर्धारित दर से अधिक दर पर करने अथवा यूरिया व अन्य उर्वरकों के साथ जबरजस्ती अन्य उत्पादों की टैगिंग दुकानदार द्वारा की जाने की स्थिति में इसकी लिखित सूचना जिला कृषि अधिकारी कार्यालय अथवा दूरभाष नम्बर-7839882339 एवं 9793096573 पर दर्ज करा सकते है, जिससे संबन्धित विक्रेता के विरुद्ध दंडात्मक विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

# स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तरीय बेसिक खेलकूद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन





अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शैक्षिक सत्र 2025-26 में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय बेसिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रतापगढ़ में किया गया, प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर एथलेटिक, व्यायाम प्रदर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें सभी 18 ब्लॉक के सभी टीमों ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुये। जिलाधिकारी ने बच्चों के मार्च पास्ट की सलामी ली और गुब्बारे उड़ाकर कार्यक्रम का भव्य शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने सभी खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया और बेसिक के नन्हे बच्चों की प्रस्तुति को देखकर बहुत प्रभावित रहे। पीटी में कुंडा विजेता व पट्टी उपविजेता, एकांकी में मांधाता विजेता व गौरा उपविजेता रही। 100 मीटर बालक में साबिर प्रथम, आरिफ द्वितीय, सागर तृतीय, बालिका में सुमन प्रथम, ज्योति द्वितीय, लाडली तृतीय रही। 200 मीटर बालक में शिवम प्रथम, आयन द्वितीय, बादल तृतीय, बालिका में अंतिम प्रथम, शालू द्वितीय, सिमरन तृतीय, ऊंची कूद में ज्योति प्रथम, अंतिम द्वितीय, काजल तृतीय, बालक में कार्तिक प्रथम, सूरज द्वितीय, शिव तृतीय, 600 मीटर बालिका मे उमा प्रथम, पूनम द्वितीय, काजल तृतीय, बालक में जैद प्रथम, पीयूष द्वितीय, आदित्य तृतीय रहे। कार्यक्रम आयोजक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह के द्वारा बच्चों को आशीर्वाद दिया गया तथा मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों को अग्रिम शुभकामनाएं दिए। कार्यक्रम में क्रीड़ाधिकारी पूनम लता राज, खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव सदर, संजय सिंह कुंडा, अमित कुमार दुबे गौरा, जंगीलाल मौर्य सडवा चंद्रिका, संतोष कुमार वर्मा मंगरौरा, गुलाब चंद पट्टी, सुरेश सिंह लालगंज, सुरेश सरोज लक्ष्मणपुर, बंशी धर पांडेय बिहार, सूर्य नारायण सिंह कालाकांकर, आशीष कुमार मिश्रा बाबागंज, सुशील त्रिपाठी आसपुर देवसरा का अमूल्य सहयोग रहा। इस अवसर पर प्रतियोगिता की सफल आयोजन हेतु जिला व्यायाम शिक्षक रामकुमार सिंह, जिला व्यायाम शिक्षिका मंजू सिंह, जिला स्काउट मास्टर सुशील सिंह मौजूद रहे। निर्णायक की भूमिका राजेंद्र पांडेय, शैलेश सिंह, पवन सिंह, कौशलेंद्र सिंह, सुभाष मिश्र, खुर्शीद अली, राम सुख प्रजापति, कमलेश सिंह, आदित्य सिंह, संजीव शुक्ला, पंकज सिंह, मनोज भारती, शैलेन्द्र सिंह, श्रीमंत शुक्ल, धर्मेंद्र मिश्रा, संजय सिंह, विमल कुमार, कपिल देव, अजय कुमार रहे।

# राष्ट्रीय फाइलेरिया दिवस पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जनपद में राष्ट्रीय फाइलेरिया दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के शास्त्री सभागार में फाइलेरिया जागरूकता अभियान के तहत रुग्णता प्रबंधन एवं दिव्यांगता रोकथाम कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0एन0 प्रसाद की अध्यक्षता में पाथ संस्था के स्टेट लेवल ऑफिसर डॉ सिद्धार्थ, डब्ल्यू एच ओ के जोनल आफिसर डॉ निशांत तथा डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर पाथ आलोक मास्टर ट्रेनर के रूप में लोगों को प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण लेने वालों में समस्त विकास खंड के एचएस और बीसीपीएम उपस्थित रहे। कार्यशाला में समस्त अधीक्षकों को सूचित किया गया था जिसमें सुखपालनगर, लक्ष्मणपुर, बेलखरनाथ, कुण्डा, पट्टी, कोहड़ौर, रानीगंज, सांगीपुर के चिकित्सा अधीक्षक अथवा उनके प्रतिनिधि मेडिकल अफसर सहित अर्बन न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मीरा भवन, जोगापुर एवं अजीत नगर के अधीक्षक उपस्थित रहे। समस्त प्रतिभागी को रुग्णता प्रबंधन हेतु प्रशिक्षित किया गया जिससे वे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर जाकर फ्रंटलाइन वर्कर आसा, एएनएम तथा सीएचओ को प्रशिक्षित कर सके जिससे ये सभी जिले में फाइलेरिया के रोगियों को जागरूक करके, उन्हें स्वयं अपनी देखभाल करने के लिए प्रेरित कर सके।

## समाजसेवी इन्द्रापति के निधन पर जताया गया दुःख

**प्रतापगढ़।** रामपुर बावली क्षेत्र के बटौली निवासी रिटायर्ड अवर अभियंता इन्द्रापति तिवारी (65) का इलाज के दौरान मंगलवार की रात लखनऊ के एक अस्पताल में निधन हो गया। समाजसेवी इन्द्रापति के निधन पर राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी एवं क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने परिजनों से फोनिक वार्ता कर दुख जताया है। वहीं बुधवार को जानकारी मिलने पर शिक्षक वाचस्पति त्रिपाठी, शिक्षक क्षमापति तिवारी, रमापति तिवारी, राजकिशोर शुक्ल, पं0 रमाशंकर शुक्ल, डॉ0 पदमधर शुक्ल, आनंद पाण्डेय, शीतला प्रसाद, डा0 चन्द्रेश सिंह, राममूर्ति शुक्ल, सुनील त्रिपाठी, मिथलेश त्रिपाठी, रज्जन शुक्ल, महन्थ, सुरेन्द्र सिंह, गौरीशंकर, तिलकधारी ओझा, प्रधान दिवाकर शुक्ल, कमलेश, हरिओम शुक्ल, राजेश पाण्डेय, दयाशंकर, सुरेश चैरसिया, भुवनेश्वर शुक्ल, राजू सिंह, विवेक सिंह, नवीन दुबे आदि ने भी इन्द्रापति के निधन पर दुख जताया है।

# प्रहलाद और ध्रुव की कथा सुन भक्ति में डूबे लोग

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** इलाके के शिवराजपुर गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास साध्वी पूजा शास्त्री ने श्रद्धालुओं को ईश्वर भक्ति का महत्व बताया। उन्होंने भक्त प्रहलाद और ध्रुव की प्रेरणादायक कथाएं सुनाई, जिनमें संघर्ष, आस्था और भक्ति की गहराई झलकती है। कथा वाचिका ने कहा कि भक्ति मार्ग पर चलना जितना सरल दिखता है, उतना है नहीं। केवल वही इस मार्ग पर टिक पाता है, जिसमें सच्ची श्रद्धा और धैर्य होता है। उन्होंने भक्त प्रहलाद का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्हें पहाड़ से गिराया गया, समुद्र में फेंका गया, विष दिया गया और कालकोठरी में बंद किया गया, लेकिन उनकी भक्ति में कोई कमी नहीं आई। इसलिए भगवान ने नरसिंह अवतार लेकर अपने भक्त की रक्षा की। उन्होंने बताया कि प्रहलाद को गर्भ में ही ब्रह्मज्ञान प्राप्त हो गया था। जैसे अभिमन्यु ने चक्रव्यूह भेदन की विद्या मां के गर्भ में सीखी, वैसे ही प्रहलाद भी अपनी माता के माध्यम से संस्कारवान बने। कथा में ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए पूजा शास्त्री ने बताया कि ध्रुव की मां सुनीति ने उसे भगवान की शरण में जाने की प्रेरणा दी। बालक ध्रुव ने घर छोड़कर मधुवन में कठोर तपस्या की और भगवान विष्णु को प्रसन्न कर ध्रुवलोक प्राप्त किया। आज भी आकाश में चमकता ध्रुव तारा उनकी भक्ति और तपस्या का प्रतीक है। कथा समापन पर हुए भजनों की धुन पर श्रद्धालु खूब झूमते रहे। कथा के दौरान सपा पूर्व विधायक नागेंद्र सिंह मुन्ना यादव, अवधेश यादव, कमलेश यादव, हरिकेश यादव, बृजेश यादव, नितिन यादव, योगेश यादव, विपिन यादव, श्रीश यादव आदि मौजूद रहे।

## सचिव ने ग्राम प्रधान पर गाली देने का लगाया आरोप

**बेलखरनाथ धाम।** विकास खंड बाबा बेलखरनाथ धाम क्षेत्र के ईशनपुर निवासी सत्य प्रकाश पांडे ब्लॉक क्षेत्र मरुआन सहकारी समिति पर सचिव के पद पर कार्यरत हैं। सचिव का आरोप है कि पड़ोसी गांव के एक ग्राम प्रधान द्वारा अपने करीबी को बिना सदस्य रहते जबरन डीएपी खाद देने का दबाव बना रहे थे,मना करने पर ग्राम प्रधान ने खाद लेने आए युवक के मोबाइल पर सचिव से बात कराने के लिए कहा उक्त व्यक्ति ने मोबाइल का स्पीकर खोलकर सचिन सत्य प्रकाश पांडे के पास ले गया सचिव ने कहां कि यह हमारे यहां अभी समिति के सदस्य नहीं हैं, इसलिए खाद नही मिल सकती है ।शासन व विभाग पहले समिति के सदस्यों को खाद देने का आदेश दिया है,इसी बात पर ग्राम प्रधान ने सचिन को गाली देते हुए देख लेने की धमकी दी । सचिव समिति बन्द कर जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचे वहां पर ग्राम प्रधान द्वारा गाली गलौज देने व धमकी दिए जाने की शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

# सड़क दुर्घटना में वृद्ध घायल



अखंड भारत संदेश

**पट्टी।** घर से बाजार जा रहा बुजुर्ग सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया है।

आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र सिंहपुर गांव के रहने वाले श्याम शंकर तिवारी(65) बुधवार की दोपहर अपने घर से साइकिल से दयाल गंज बाजार घरेलू सामान खरीदने के लिए निकले थे। बाजार में पहुंचते ही आसपुर देवसरा की तरफ से आ रहे अज्ञात बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के कारण श्याम नारायण साइकिल समेत सड़क पर गिर गए। टक्कर से श्याम नारायण के सिर व हाथ पैर में गंभीर छोटी आई है। सड़क पर तड़फ रहे बुजुर्ग को बाजार में मौजूद लोगों की मदद नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## दलित युवक ने जानलेवा हमले तथा लूट को लेकर दी तहरीर, जांच में जुटी पुलिस

**प्रतापगढ़।** रंजिश को लेकर दलित युवक की पिटाई एवं उसके पास से रुपए भरा बैग छीनने को लेकर पुलिस को तहरीर दी गयी है। लीलापुर थाना के मोती का पुरवा सगरा सुंदरपुर निवासी विनोद सरोज पुत्र रामलखन ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बुधवार को सुबह नौ बजे वह घर से बैंक जा रहा था। रास्ते मे गांव के आधा दर्जन से अधिक आरोपियो ने उसे जबरिया रोक लिया। आरोपी जातिसूचक गालियां देने लगे तब पीड़ित ने मना किया। विपक्षियो ने पीड़ित पर कुल्हाड़ी तथा लाठी डण्डे व लोहे की राड से हमला कर दिया। शोर सुनकर उसका छोटा लड़का मौके पर पहुंचा तब विपक्षियो ने उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि विपक्षियों ने उसका पैसों से भरा बैग भी छीन लिया। पीड़ित के मुताबिक बैंक के लिए धनराशि के बैग में तीन लाख रुपए मौजूद था। घायल विनोद को परिजन लालगंज ट्रामा सेंटर ले आये। यहां प्रारंभिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय का कहना है कि तहरीर मिली है, सभी पहलुओं की जांच कर आरोपियो के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। हालांकि दलित युवक की पिटाई तथा लूट की घटना की जानकारी मिलते ही लीलापुर पुलिस सकते में दिखी। सूत्रों के मुताबिक प्रभारी निरीक्षक मनोज पीड़ित को लेकर घटनास्थल की छानबीन में भी जुटे दिखे।

# सृष्टि को धर्म और नीति की व्यवस्था का मार्ग है भगवान की कथा : संतोष महराज

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** बाबा घुइसरनाथ धाम के समीप पूरे दूधी रामगंज स्थित सुखसागर धाम में हो रही श्रीशिवमहापुराण कथा में बुधवार को भगवान की महिमाओं का वर्णन सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। कथाव्यास आचार्य संतोष जी महराज ने कहा कि भगवान का स्मरण सिर्फ विपत्तिकाल में ही करना विवेकशील नही हुआ करता। उन्होने कहा कि भगवान का ध्यान करना जीवन की सबसे बड़ी और सबसे सरल साधना है। उन्होने कहा कि भगवान देवाधिदेव महादेव ने जगत के उद्धार के लिए लोक अवतरण लिया। उन्होने कहा कि भगवान के प्रति मन की पवित्रता से समर्पण करने वाले का जीवन स्वतः समस्त चिन्ताओं से मुक्त हुआ करता है। कथा में पधारे आचार्य देवव्रत जी महराज ने भी भगवान श्री शिव जी की कथा से जुड़े मनमोहक प्रसंगों को सुनाया। कथा में भगवान की महिमाओं का व्यासपीठ से सुमधुर वर्णन सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। कथा के संयोजक देव नारायण मिश्र, श्याम नारायण मिश्र तथा अधिवक्ता मोनू पाण्डेय ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। सुषमा मिश्रा ने श्रद्धालुओं के प्रति आभार जताया। सह संयोजक गिरिजाशंकर मिश्र व शिवशंकर मिश्र ने प्रसाद वितरण में सहयोग किया। इस मौके पर पं0 कैलाशपति मिश्र, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, सुभाष पाण्डेय, सतीशचंद्र शुक्ला, श्रीप्रकाश मिश्र, विवेक शुक्ला, छेदीलाल शुक्ल, आदि रहे।

# जिलाधिकारी ने की जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक

अखंड भारत संदेश




**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने उदयन सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक की जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी से विद्यालयां में कार्य पुस्तिका भरवाने की जानकारी एवं डायट मेन्टर्स द्वारा विद्यालयों के भ्रमण के दौरान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान किए जाने के दृष्टिगत पायी गई कमियों पर की गई सुधार की कार्यवाही की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाय। बच्चां की उपस्थिति बनाये रखी जाय। शासन द्वारा जारी निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने आधार प्रमाणीकरण की समीक्षा के दौरान विकास खण्ड मूरतगंज में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए खण्ड शिक्षाधिकारी को आगामी बैठक तक प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों/कार्य पुस्तिकाओं के वितरण की समीक्षा के दौरान सत्यापन कराने के भी निर्देश दिए जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को रोस्टर बनाकर ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक आयोजित करवाने, स्टूडेन्ट डिजिटल रजिस्टर में प्रगति लाने एवं लम्बित डी.वी.टी. को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ऑपरेशन कायाकल्प की समीक्षा के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को शेष रह गए विद्यालयों को भी शीघ्र संतृप्त करने के निर्देश दिए।बैठक में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान 107 शिक्षक अनुपस्थित पाये गए हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि इन अनुपस्थित शिक्षकों में कितने शिक्षक ऐसे हैं, जो बार-बार अनुपस्थित पाये जाते है एवं इनकी शिक्षा की गुणवत्ता कैसी है, विस्तृत आख्या उपलब्ध कराई जाय।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी एवं प्राचार्य डायट निधि शुक्ला सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मतदेय स्थलों के आलेख्य किये गये प्रकाशित

**कौशांबी।** जिला मजिस्ट्रेट जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ अमित पाल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 25 के अपबन्धां के अनुसरण में भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार 50-कौशाम्बी (अ.जा.)संसदीय क्षेत्र में समाविष्ठ 251-सिराथू, 252-मंझनपुर(अ.जा.) एवं 253-चायल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान केन्द्रों की उनमें से प्रत्येक के समक्ष लिखे हुए मतदान क्षेत्रों या मतदान समूहों के लिए आलेख्य सूची प्रकाशित किया है, जो सम्बन्धित क्षेत्र के एसडीएम निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय तथा जिला निर्वाचन कार्यालय में अवलोकनार्थ निःशुल्क उपलब्ध रहेंगी। आलेख्य सूची में अंकित किसी प्रविष्टि में संशोधन के लिए आपत्ति दाखिल करने की अन्तिम तिथि 17.11.2025 निर्धारित की गई है।

# ग्राम-बभन पुरवा में मौके पर जाकर डीएम ने तालाबी नम्बर की वस्तु स्थिति का लिया जायजा

अखंड भारत संदेश


**तालाबी नम्बर की पैमाइश कराकर आवश्यक कार्यवाही करने लेखपाल को निलम्बित करने एवं कानूनगो से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश**



**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने बुधवार को ग्राम-बभन पुरवा, मजरा ऊनों में मौके पर जाकर तालाबी नम्बर की वस्तुस्थिति का जायजा लिया। उन्होंने तहसीलदार, मंझनपुर को टीम गठित कर तालाबी नम्बर की पैमाइश कराने के निर्देश देते हुए कहा कि नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चत किया जाय। इसके साथ ही उन्हांने तहसीलदार को मत्स्य पालन पट्टा आवंटन की जॉच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने तालाब पर अतिक्रमण एवं मत्स्य पालन पट्टा की शर्तां के उल्लघन की सूचना नहीं देने/लापरवाही पर लेखपाल कुलदीप शुक्ला को निलम्बित करने एवं कानूनगो से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश उप जिलाधिकारी को दिए। लेखपाल कुलदीप शुक्ला इससे पूर्व भी गम्भीर अनियमित्ताओं में निलम्बित हो चुका है।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह एवं तहसीलदार मंझनपुर सिद्धान्त सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।बतादें,कि जिलाधिकारी के जनता दर्शन में गुलाब पासी ग्राम-बभन पुरवा, मजरा ऊनों ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया था कि तालाबी नम्बर में धान की फसल की बुआई की गई है। तालाबी नम्बर की पैमाइश कराकर आवश्यक कार्यवाही किए जाने की मांग की गई थी।

## सुप्रीम कोर्ट में जनपद कौशाम्बी का किया गया प्रतिनिधित्व

अखंड भारत संदेश




**कौशांबी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में 8 व 9 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट के ऑडिटोरियम हाल में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर नेशनल कांफ्रेंस ऑफ लीगल सर्विसेज का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर देश के सभी राज्यों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था। कौशांबी का प्रतिनिधित्व पराविधिक स्वयं सेविका ममता दिवाकर ने किया। ममता दिवाकर को यह अवसर उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों और लिए गए साक्षात्कार में चयनित होने के आधार पर प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि कॉन्फ्रेंस के पहले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली जुड़े रहकर विधिक सेवा संस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि न्याय तभी संभव है, जब वह सरलता से समाज के अंतिम व्यक्ति के दरवाजे तक पहुंचे। प्रधानमंत्री ने सभी प्रतिभागियों को जन–जागरूकता बढ़ाने व विधिक सहायता को गांव–गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया।कार्यक्रम में ममता दिवाकर ने ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण घरेलू हिंसा,बाल–अधिकार महिलाओं के अधिकार व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन–जागरूकता के क्षेत्र में लगातार किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह अवसर न केवल उनके लिए बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने इसका श्रेय अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी पूर्णिमा प्रांजल, ऑफिस स्टाफ एवं अपने सहयोगी पराविधिक स्वयंसेवकों को दिया।

# खंड शिक्षा अधिकारी प्रज्ञा सिंह जांच करने पहुँची कशिया पश्चिम कम्पोजिट विद्यालय

अखंड भारत संदेश

**अध्यापक के कृत्यों की बच्चों से मिल कर जानी हकीकत मार पीट करने व डरवाने की जानकारी हुई**



**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के कशिया पश्चिम कम्पोजिट विद्यालय में बच्चियों के साथ अश्लीलता करने व मारपीट की सूचना पर जांच करने खंड शिक्षा अधिकारी प्रज्ञा सिंह विद्यालय पहुंची है और उन्होंने पहले बच्चों से बात किया फिर क्लास रूम में शिक्षा के बारे में बच्चों से पूछताछ किया साथ ही चर्चित अध्यापक के बारे में बच्चों से पूछा बच्चों के द्वारा अध्यापक के कार्य शैली को खंड शिक्षा अधिकारी से बताया गया है सभी बच्चों से बिना किसी दबाव के लिखित शिकायत लेकर अध्यापक पर लगे गम्भीर आरोप को जाना जिस पर जाँच कर रही खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि मामले को जाँच करने के उपरांत ही कह पाना उचित होगा जाँच में यह भी तथ्य खुल कर सामने आया है कि अभिवावक के द्वारा भी अध्यापक के साथ हाथापाई हुई हैं जिस पर अध्यापक ने लिखित शिकायत थाना कोखराज में दर्ज कराई है जिसमें जाँच चल रही है। अभिवावकों ने खंड शिक्षा अधिकारी से कार्यवाही की मांग की है और शिक्षा के इस मंदिर को कलंकित करने वाले अध्यापक को निलंबित करने को कहा है अध्यापक कुलदीप कुमार साहू को हटाने के सम्बंध में खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि प्रथम द्रष्टया बच्चों के साथ मारपीट का ही है अगर जाँच करने पर और भी जानकारी मिलती हैं तो उच्च अधिकारियों को सूचना देकर तत्काल निलंबित किया जाएगा अभिवावकों ने सहमति के साथ विद्यालय में बच्चों को बिना डरे सहमे अपनी पढ़ाई जारी रखे जिससे बच्चों के भविष्य को सुधारा जा सके विद्यालय की एक कक्षा में खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को पढ़ाये गए विषयों पर पूछा जिस पर बच्चों ने सभी सवाल का जवाब दिया और सभी अध्यापक व अध्यापिकाओं को सख्त चेतावनी दी कि विद्यालय की गरिमा के साथ साथ शिक्षा पर ध्यान दे।शिकायत पत्र की जाँच खंड शिक्षा अधिकारी डॉ प्रज्ञा सिंह ने किया और अभिवावकों व ग्रामीणों को कार्यवाही करने का आश्वासन दिया मौके पर कम्पोजिट विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि बच्चों के साथ न्याय होगा और इसकी शिकायत अपने विभाग के अधिकारियों से किया गया था जिसकी जांच खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से करायी गयी हैं मामले को संज्ञान ले कर कार्यवाही होना निश्चित है।

## न्यूज झरोखा

### पेयजल परियोजना बन्द पाये जाने पर अधिशासी अभियंता, जल निगम से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश




**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने ग्राम–देवरा में हर–घर नल से जल के अन्तर्गत बनाये गए पेयजल परियोजना का निरीक्षण किया जिलाधिकारी ने पेयजल परियोजना बन्द पाये जाने एवं किसी कार्मिक के उपस्थित न पाये जाने पर कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए अधिशासी अभियंता, जल निगम से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह एवं तहसीलदार मंझनपुर सिद्धान्त सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

### आरएसएस के शताब्दी वर्ष घर घर जन संपर्क करते आरएसएस के जिला प्रचारक एवं पदाधिकारी



**भरवारी कौशांबी।** नगर पालिका परिषद अंतर्गत कस्बा भरवारी के शिशु मंदिर कॉलोनी में आर एस एस के जिला प्रचारक शिव प्रसाद के संग सतीश तिवारी नगर बौद्धिक प्रमुखों जान प्रकाश द्विवेदी कार्यालय प्रमुख के एस झा गाडनायक एवं सक्षम सक्सेना के साथ सभी लोग पत्रकार राजू सक्सेना के निवास पर पहुंचे और आरएसएस की उपलब्धियो के बारे में बताया इसके बाद प्रचारक की टीम नगर के अन्य लोगों के आवास पर पहुंची जहां आर एस एस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में हिन्दुत्व को जगाने के लिए नगर के लोगों को जागरूक किया और उन्हें आरएसएस की उपलब्धियां के बारे में बताया

### सड़क हादसे में पत्रकार घायल



**महेवा घाट कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के आषाढ़ा के रहने वाले पत्रकार सौरभ मिश्रा उर्फ गोलू सोमवार की शाम को बुलेट बाइक से प्रयागराज से अपने गांव वापस लौट रहे थे जैसे ही पत्रकार सौरभ मिश्रा सराय अकिल थाना क्षेत्र के बसुहार के पास पहुंचे तेज रफ्तार ई रिक्शा ने अचानक सड़क पर ई रिक्शा मोड़ दिया जिससे सौरभ मिश्रा बुलेट समेत ई रिक्शा से टकरा गए और सड़क पर गिर पड़े जिससे पत्रकार गंभीर रूप से घायल हो गए इलाज के लिए उन्हें सराय अकिल के लिए एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज चल रहा है मामले की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग भी पहुंच गए हैं घटना की सूचना थाना पुलिस को दी गई है।

### 45 जनपद स्तरीय अधिकारियों के माध्यम से 90 परिषदीय विद्यालयों का हुआ निरीक्षण

**कौशांबी।** जिलाधिकारी ने बुधवार को कुल 45 जनपद स्तरीय अधिकारियों के माध्यम से कुल 90 परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण कराया निरीक्षण में कुल 02 शिक्षक/शिक्षामित्र अनुपस्थित पाये गये,जिनका अनुपस्थित तिथि का वेतन/मानदेय अग्रिम आदेश तक अवरुद्ध कर दिया गया है। 12 विद्यालयों में नामांकन के सापेक्ष उपस्थिति अत्यधिक न्यून पायी गयी। 08 विद्यालयों में एम.डी.एम. की गुणवत्ता एवं फल व दूध वितरण सम्बन्धी अनियमितता पायी गयी। 17 विद्यालयों में शैक्षिक अधिगम स्तर न्यून पायी गयी,जिन्हे कारण बताओं नोटिस निर्गत करते हुए सम्बन्धित कक्षाध्यापक एवं प्रधानाध्यापक का उत्तरदायित्व निर्धारित किये जाने के लिए सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया है।ग्राम प्रधान एवं नागरिकों तथा अभिभावकों से समन्वय स्थापित करते हुए विद्यार्थियों का नामांकन एवं उनका विद्यालय में ठहराव सुनिश्चित किये जाने का प्रयास सुनिश्चित करने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं डायट प्राचार्य को निर्देशित किया कि ए.आर.पी., एस.आर.जी. एवं डायट मेण्टर एवं शिक्षक संकुल से नियमित इस सन्दर्भ में समीक्षा करें कुल 45 जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा 90 परिषदीय विद्यालयों के निरीक्षणोपरान्त कुल 37 विद्यालयों को कारण बताओ नोटिस विभिन्न प्रकार की कमियों के दृष्टिगत जारी की गयी।

### अदालत की नोटिस पहुंचते ही ससुरालियों ने किया विवाहिता पर हमला

**कौशांबी** सैनी कोतवाली के पथरावा गांव निवासी सुनीता देवी पत्नी नरेश ने ससुराल की प्रताड़ना से पीड़ित होकर अदालत से न्याय की गुहार लगाई विवाहिता ने अदालत में दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दाखिल किया जिस पर सुनवाई के बाद अदालत ने 09 नवम्बर को विवाहिता के ससुराल वालों को नोटिस भेजी अदालत की नोटिस मिलने के बाद विवाहिता के ससुराल वाले आक्रोशित हो गए और 10 नवम्बर की दोपहर विवाहिता के देवर बृजेश वा उसकी पत्नी मैना वा सविता पुत्री झूरी लाठी डंडा लेकर विवाहिता के घर पहुंच गए और गाली गलौज करते हुए विवाहिता को जमीन पर पटक कर मारपीट करने लगे जान बचाकर विवाहिता घर के भीतर घुस गई घर का दरवाजा तोड़कर के ससुराल के लोग उसके घर के भीतर घुस गए और उसके साथ मारपीट कर घर से नगदी व सामान उठा ले गए आक्रोशित लोगों ने विवाहिता के घर में रखे सामान को तोड़फोड़ कर नष्ट कर दिया घटना के बाद विवाहिता ने मामले की सूचना पुलिस अधीक्षक को दी है।

# भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी कौशांबी के उप-प्रधानाचार्य सुधाकर सिंह हुए सम्मानित




**भरवारी कौशांबी।** भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी में उप-प्रधानाचार्य सुधाकर सिंह को भारतीय विद्या भवन के 16वीं आल इंडिया प्रिंसिपल मीट जो दिनांक 6 नवंबर से 9 नवंबर तक भारतीय विद्या भवन की एच एल पब्लिक स्कूल अमृतसर शाखा में आयोजित हुआ था बुधवार के दिन उप प्रधानाचार्य सुधाकर सिंह को सम्मानित किया गया। सुधाकर सिंह के वापस आने के उपरांत भवंस मेहता विद्याश्रम के प्रधानाचार्य बलाय्या गंगाराबोयिना ने साल ओढ़ाकर तथा मोमेंटो देकर उप प्रधानाचार्य सुधाकर सिंह का स्वागत किया।स्कूल कॉर्डिनेटर मोहम्मद नसीम एवं सीनियर शिक्षक अवधेश मिश्रा ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया।अपने सम्बोधन में श्री सुधाकर ने मीट में हुई समस्त चीजों का वर्णन करते हुए अपना अनुभव साझा किया।उन्होंने निदेशक संदीप सक्सेना तथा कोषाध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल को धन्यवाद ज्ञापित किया।इस अवसर पर सुधाकर सिंह ने कहा कि यह उनके टीचिंग कैरियर का सबसे बढ़िया अनुभव रहा।इस मौके पर सुधाकर सिंह ने बताया कि भारतीय विद्या भवन मुंबई से सम्बंधित पूरे भारत से सभी कॉलेजों के प्रधानाचार्य को अमृतसर में संयुक्त रूप से बुलाया गया था जहां पर विद्याश्रम भरवारी की तरफ से उनकी उपस्थिति उनको गर्व की अनुभूति करा रहा था।उन्होंने बताया कि उनको वहां पर जो सम्मान अनुभव और प्यार मिला वह उनके जिंदगी का सबसे सुखद पल रहा।उन्होंने प्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षकों द्वारा सम्मानित करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।इस अवसर पर समस्त शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बच्चे की माँ की शिकायत पर पडोसी ने 12 वर्षीय बच्चे से किया मारपीट नहीं दर्ज हुआ मुकदमा

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना के भरवारी पुलिस चौकी के अन्तर्गत नौढिया वार्ड 10 मंगल पाण्डेय नगर में रेखा देवी के नाबालिग बच्चें रोहित उम्र लगभग 10 वर्ष के साथ पडोसी युवक ने मारपीट किया बच्चे की माता ने पडोसी के घर में परिजनों से शिकायत किया तो बच्चे के अलावा बच्चे की मां रेखा देवी पत्नी संतोष कुमार को भी पड़ोसी भद्दी भद्दी गालियाँ देने लगा व बच्चे की मां के साथ धक्का मुक्की की महिला रेखा देवी ने भरवारी चौकी पुलिस से शिकायत की लेकिन चौकी इंचार्ज ने इधर उधर बताकर शिकायत नहीं दर्ज किया आखिर जनपद के आला अधिकारी क्या पीड़ित महिला व बच्चे की शिकायत दर्ज कर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्यवाही कर पीड़ित महिला को इंसाफ दिलाएंगे।

## मौत के बाद नेशनल हाईवे जाम करने पर 9 नामजद व 50 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**हर्रायपुर कौशांबी।** संदीपनघाट थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह सड़क पार कर रहे किसान को तेज रफ्तार टूरिस्ट बस ने टक्कर मार दी थी जिससे किसान की दर्दनाक मौत हो गई थी किसान की मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने 3 घंटे कानपुर प्रयागराज नेशनल हाईवे पर जाम लगा दिया इस मामले में पुलिस ने नौ लोगों को नामजद कर 50 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। संदीपनघाट थाना प्रभारी शशिकांत मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में मूरतगंज चौकी प्रभारी अजीत सिंह की शिकायत पर मंतराज, फूलचंद, धर्मवीर, विनोद, देवनारायण, महेंद्र, राहुल, विक्रम, गोपाल सभी निवासी धन्नी नामजद सहित 50 लोग अज्ञात खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। यातायात व्यवस्था प्रशासन नहीं संभाल पा रहा है तेज रफ्तार वाहन सड़क पर दौड़ते हैं बेगुनाह लोगों की रोज मौत होती है अपनी व्यवस्था सुधारने के बजाय मौत के बाद गुस्साए लोगों पर दबाव बनाने के लिए उन पर मुकदमा दर्ज कर दिया गया है अधिकार की मांग करना कहां कानूनी अपराध है लेकिन अधिकार की मांग करने पर जनता की आवाज दवाई जा रही है उन पर मुकदमा दर्ज कराया जा रहा हैं लेकिन चौपट यातायात व्यवस्था को सुधार करने का प्रयास नहीं किया जा रहा है रोज दुर्घटनाएं होती है यातायात व्यवस्था को संभालने में असफल यातायात प्रभारी और थाना चौकी पुलिस को निलंबित कर व्यवस्था सुधारने का प्रयास नहीं होता है जिससे दुर्घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है।

### सरकारी भूमि को कराया गया कब्जा मुक्त

**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील के राजस्व ग्राम–ओसा की आराजी संख्या–784 भूमि नवसृजित जनपद कौशाम्बी के नाम अधिकार अभिलेख है। आराजी के लगभग 0.2000 हे0 भूमि पर रमाशंकर शर्मा पुत्र राम प्रसाद द्वारा बाउन्ड्रीवाल कर कब्जा किया जा रहा था उप जिलाधिकारी मंझनपुर के निदेर्शानुसार लेखपाल राजन सिंह ने बाउन्ड्रीवाल को जे.सी.बी. से ध्वस्त कराकर कब्जा मुक्त करा दिया है।

## फार्मर रजिस्ट्री करायें किसान पीएम किसान योजना की 21 किस्त का पाए लाभ : उप निदेशक

**कौशांबी।** शासन द्वारा एग्रीस्टैक (डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर फॉर एग्रीकल्चर) के अन्तर्गत फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने के सम्बन्ध में विशेष अभियान दिनॉक–24 अक्टूबर से 10 दिसम्बर, 2025 तक चलाये जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं।उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री के अन्तर्गत जनपद के कृषक विवरण को एग्री स्टैक के अन्तर्गत तैयार कर डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर में संकलित किया जायेंगा। इसके लिए भारत सरकार द्वारा भूलेख के डेटाबेस को समेकित कर प्रत्येक राजस्व ग्राम के प्रत्येक समान नाम व पिता के नाम वाले कृषकों के ऑनलाइन बकेट तैयार कर राज्य को ऑनलाइन उपलब्ध कराया गया है, जिसका प्रयोग कर राज्य स्तर से फार्मर रजिस्ट्री तैयार किया जायेंगा। फार्मर रजिस्ट्री से किसानों को मिलने वाली किसान सम्मान निधि की आगामी किस्त केवल उन्हीं किसानों के खाते में आयेगी, जिनकी फार्मर रजिस्ट्री बन गयी है। किसानों को फसल बीमा का लाभ मिलेगा तथा किसानों को बीज, खाद/कृषि यन्त्रों/बैंक लोन/किसान क्रेडिट कार्ड पर मिलने वाली छूट आसानी से प्राप्त हो सकेगा एवं भविष्य में किसानों को मिलने वाली सभी सुविधाओं का लाभ भी मिलेगा। किसान भाई नजदीकी जनसेवा केन्द्र या स्वयं से पोर्टल एवं मोबाइल ऐप के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। फार्मर रजिस्ट्री बनवाने के लिए किसान को केवल अपना आधार कार्ड एवं मोबाइल की आवश्यकता होगी।

### 6 वर्ष से लूटता रहा अस्मत, अब शादी से किया इनकार

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र की एक युवती ने युवक पर 6 वर्ष से शादी का झांसा देकर अस्मत लूटने का आरोप लगाया है।युवती ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया वह 7 बहने हैं जिनमें 5 बहनों की शादी हो गई ,2 बहने गांव में रहती हैं,माता पिता की मौत हो चुकी है,एक बहन की ससुराल पइंसा थाने के केटमई गांव में है ।बहन के यहां आने जाने में युवक सुनील सरोज से मधुर संबंध हो गए इस दौरान उसने शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाते हुए शोषण करता रहा माता पिता के जिंदा रहते शादी का वादा करता रहा किन्तु अब शादी से इनकार कर रहा है युवती से तहरीर लेकर सैनी कोतवाली पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## अपहरण की बात निकली झूठी मुकदमे के वांछित को ले गई लखनऊ पुलिस

**महेवा घाट कौशांबी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत कठारे गांव के रहने वाले अरविंद तिवारी उर्फ पिंटू को बुधवार को लखनऊ पुलिस गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई है ।मामले को लेकर कुछ शरारती तत्वों ने अपहरण की अफवाह फैलाकर सनसनी फैला दी लखनऊ के विभूति खंड थाना में मुकदमा दर्ज है विश्वास के अपराधिक हनन के गंभीर अपराध से संबंधित मामले में महेवाघाट इलाके के कठारे गांव में रहने वाले अरविंद तिवारी उर्फ पिंटू आरोपी है। विभूति खंड पुलिस को कई दिनों से अरविंद की तलाश थी। गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने अपना जाल बिछाया था, मुखबिर से वांछित आरोपी की मौजूदगी के स्थान की जानकारी मिलते ही लखनऊ पुलिस ने बुधवार को महेवाघाट इलाके से धर दबोचा। गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। वहीं दूसरी ओर कुछ शरारती तत्वों ने अपहरण होने की घटना से संबंधित अफवाह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर फैलाकर इलाके में सनसनी फैला दी।

# दोनो आंख की सूर बृद्ध चंदा देवी ने कराया रामचरित मानस का पाठ

अखंड भारत संदेश



**नेवादा कौशाम्बी।** इस समय के कार्यकाल मे लोग भक्ति भाव से बिमुख होते जा रहे हैं लोगों के बीच से भक्ति भाव का आभाव होता जा रहा है लेकिन दोनो आंख की सूर बृद्ध चंदा देवी ने भक्ति मे श्रद्धा रखते हुये कहीं शिव मंदिर मे तो कहीं अपने आवास पर रामचरित मानस रामायण पाठ का आयोजन कर अपने को प्रभू श्रीराम के चरणों मे समर्पित करते हुये कृतार्थ बना रही है। नेवादा ब्लॉक के औधन गांव की चंदा देवी उम्र लगभग 65 वर्ष पत्नी स्व० हीरालाल निषाद ने 11 नवम्बर मंगलवार को अपने निज निवास मे चौबीस घंटे का रामचरित मानस रामायण पाठ का आयोजन कर जहां अपने को कृतार्थ कर रही है वहीं दूसरी ओर लोगों के बीच यह साबित कर दिया कि दोनो आंख की सूर आगे पीछे कोई परिवार नही है दो रोटी का सहारा नही फिर भी प्रभू श्रीराम के चरणों मे समर्पित होते हुए कहीं शिव मंदिर तो कहीं अपने आवास पर रामचरित मानस का पाठ करवाने मे अग्रसर रहती है और प्रभू श्रीराम ना जाने कहां से उसकी मनोकामना को पूरी करने मे कोई कोर कसर नही रखते जिसके कार्य भार आयोजक व देख रेख ठाकुर श्रीचन्द व साउन्ड सिस्टम हरिश्चंद्र निषाद जो बहुत ही बाखूबी से अपना फर्ज निभाया और इस रामचरित मानस रामायण पाठ मे आई हुई कमेटी जिसके अध्यक्ष बैजनाथ पाल, ठाकुर चन्द्रभान सिंह, राजेन्द्र पाल (उर्फ.) छोटू, रामानन्द निषाद, कैलाश चन्द केशरवानी, लालजी पाल, श्रीनाथ प्रजापती, पुरषोत्तम प्रजापती, दुर्गेश पाल,रामराज दिवाकर और श्रोता गण हरीलाल निषाद,कल्लू पाल, हुबलाल कबाड़ी, असेलाल करिंदा, व आदि मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# प्रदूषण पर विरोध और गिरफ्तारी

**देश** की राजधानी दिल्ली में इंडिया गेट तरह-तरह के प्रदर्शनों का गवाह रहा है, लेकिन ऐसा शायद पहली बार हुआ है कि सांस लेने के अधिकार को लेकर यहां लोगों ने अपनी आवाज बुलंद की। दिल्ली की हवा के बेहद खराब स्तर पर पहुंचने के बीच रविवार को इंडिया गेट पर 'स्मॉग से आजादी!' जैसे पोस्टर के साथ विरोध प्रदर्शन किया गया। हालांकि पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया। जिसके बाद सोशल मीडिया पर हिटलर के बनाए गैस चेंबर को याद करते हुए लोगों ने लिखा कि इसका विरोध करेंगे तो सजा मिलेगी ही। इस तरह की टिप्पणियां सत्ता के लिए चेतावनी है, जहां लोगों ने लोकतंत्र की बुनियाद पर सरकार बनाई, मगर अहसास तानाशाही का हुआ तो अब नाराजगी दिख रही है।

बता दें कि इंडिया गेट के प्रदर्शन में बड़ी संख्या युवाओं की थी। नयी पीढ़ी के लिए अब जेन जी शब्द का इस्तेमाल होने लगा है। जनरेशन का संक्षिप्तीकरण जेन और जी यानी (अंग्रेजी वर्णमाला का आखिरी अक्षर)। बीते वक्त में बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल इन तीनों पड़ोसी देशों में युवाओं ने ही आंदोलन छेड़ा था, जिससे सत्ता बदलाव का रास्ता तैयार हुआ था। दुनिया के और भी देशों में युवा इसी तरह सड़कों पर निकले और सत्ता को झुकना पड़ा। इन उदाहरणों को सामने रखकर देश में पिछले 11 सालों से सत्तारुढ़ मोदी सरकार को भी चेतावनी मिलती रही कि बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार आदि पर सरकार ने कदम नहीं उठाया तो जेन जी की नाराजगी झेलनी पड़ सकती है। इधर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी अब वोट चोरी जैसे मुद्दों पर युवाओं का आह्वान करने लगे हैं कि यही पीढ़ी लोकतंत्र की रक्षा करेगी तो भाजपा को इसमें राष्ट्र-विरोधी भावनाओं की बू आने लगती है। भाजपा आरोप लगाती है कि राहुल गांधी देश में अस्थिरता लाने के लिए युवाओं को आगे कर रहे हैं। लेकिन भाजपा ने शायद यह नहीं सोचा होगा कि राजनैतिक तौर पर जिन्हें वह अहम मुद्दे मानती है, उनसे इतर प्रदूषण को लेकर युवाओं का गुस्सा भड़क जाएगा। क्योंकि प्रदूषण तो शायद मोदी सरकार के लिए कोई मुद्दा ही नहीं है, अन्यथा पिछले 11 सालों से देश यथास्थितिवाद का शिकार न हुआ होता। गौरतलब है कि दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 370 के स्तर पर पहुंच गया, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। नेशनल कैपिटल रीजन (एनसीआर) में भी हालात ऐसे ही हैं। नोएडा, गुड़गांव, फरीदाबाद, गाजियाबाद सब दमघोंटू हवा में कैद हैं। नवंबर की शुरूआत से नाइट्रोजन डाइऑक्साइड (एनओ2) का स्तर अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंच गया है जो सीधे फेफड़ों को नुकसान पहुंचा रहा है। ऐसे में हवा साफ करने के सघन उपायों की जगह कभी क्लाउड सीडिंग से नकली बारिश, कहीं कुछ इलाकों पर पानी का छिड़काव जैसे ऊपरी उपाय किए जा रहे हैं, जिनमें जनता के धन की बबार्दी तो है, राहत नाममात्र को भी नहीं है। ऊपर से सरकार को इस बात पर आपत्ति है कि जब धरने-प्रदर्शन के लिए जंतर-मंतर का स्थान ही तय किया गया है।

# महागठबंधन आगे, पर नतीजा अभी दूर है !

राजेंद्र शर्मा




**वास्तव** में, मतदाता सूचियों की इस पहलू से छानबीन करने वाले कुछ अध्ययनों में यह सचाई सामने आयी है कि कुछ आठ करोड़ मतदाताओं में, संघ-भाजपा की परिभाषा के हिसाब से घुसपैठिया या मुसलमान विदेशी कहे जा सकने वालों की संख्या, आधा दर्जन भी नहीं निकलेगी। विदेशियों की गिनाने लाइक संख्या, नेपालियों की ही पायी गयी है और उसमें भी बड़ा हिस्सा विवाह कर बिहार के नेपाल से लगती सीमाओं वाले जिलों में रह रही नेपाली बहुओं का है।

जैसा कि अनुमान लगाया जा रहा था, बिहार में चुनाव प्रचार के अंतिम चरण तक आते-आते, प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में भाजपा ने, अपना जाना-पहचाना "घुसपैठिया" राग छेड़ दिया। सभी जानते हैं कि संघ-भाजपा के लिए "घुसपैठिया", मुसलमानों के लिए ही इस्तेमाल किया जाने वाला दूसरा शब्द है, जिसके इस्तेमाल के दो फायदे हैं। एक तो इसके जरिए मुसलमानों को न सिर्फ "पराया" बल्कि "खतरा" और इसलिए "दुश्मन" बनाया जा सकता है। दूसरे, ऐसा करते हुए कम से कम औपचारिक रूप से मुस्लिमविरोधी होने के आरोप से खुद को बचाने के लिए तिनके की ओट बनाए रखी जा सकती है।

प्रधानमंत्री ने अररिया में अपने चुनाव प्रचार के आखिरी दिन की अपनी सभा में और अमित शाह ने चुनाव प्रचार के ही आखिरी दिन पूर्णिया की अपनी सभा में, पूरे गले से यह "घुसपैठिया" राग गाया। बेशक, उनके इस राग नया कुछ भी नहीं था। वास्तव में झारखंड के विधानसभाई चुनाव में मोदी ने जिस तरह पूरे गले से यह राग गाया था, उसके बाद उनके लिए अपने इस राग में जोड़ने के लिए कुछ खास नया रहता ही नहीं था। हां! झारखंड से भिन्न बिहार में "बहन-बेटियों" के लिए खतरे का, उनके "बहन-बेटियों" को ले जाने का डर नहीं दिखाया जा रहा था। उल्टे भाजपा की शीर्ष जोड़ी ने और उसमें भी खासतौर पर अमित शाह ने अपने श्रोताओं में जोश पैदा करने की उच्मीद में, बिहार में यह नया आश्वासन जरूर जोड़ा कि घुसपैठियों ने जो धंधे खड़े कर लिए हैं और जमीनें हासिल कर ली हैं, उन्हें खाली कराया जाएगा।

बेशक, घुसपैठियों के मुद्दे को झारखंड की तरह, प्रधानमंत्री और उनके नंबर-दो के पहले दिन से ही बिहार में अपने चुनाव प्रचार की मुक्क्य थीम नहीं बनाने की वजह, कम से कम इस खुल्लमखुल्ला सांप्रदायिक दुहाई का इस्तेमाल करने में उनकी किसी हिचक में नहीं थी। इसकी सबसे बड़ी वजह, बिहार में भाजपा की सद्धा तक पहुंचने के लिए गठजोड़ की और वह भी एक ऐसे नेता, नीतीश कुमार को आगे रखकर गठजोड़ बनाए रखने की मजबूरी थी, जिनकी पार्टी जदयू को गठजोड़ का खुले तौर पर सांप्रदायिक रुख अपनाना मंजूर नहीं था।

इसके ऊपर से बिहार के ही संदर्भ में, घुसपैठियों के मुद्दे को भुनाने में एक कठिनाई और थी। बिहार में विधानसभाई चुनाव से ऐन पहले, विपक्ष की सारी आपत्तियों को अनसुना करते हुए चुनाव आयोग द्वारा अचानक मतदाता सूचियों के "शुद्धीकरण" के नाम पर जो विशेष सघन पुनरीक्षण या एसआइआर कराया गया था, उसके जरूरी होने के कारण के रूप में, सूचियों में बड़ी संक्रया में "गैर-नागरिकों" की मौजूदगी का दावा किया गया था। इसे संघ-भाजपा द्वारा न सिर्फ एसआइआर कराने के उच्चत फैसले के बचाव के लिए बल्कि आम तौर पर अपने सांप्रदायिक प्रचार के हिस्से के तौर पर, खूब उछाला भी गया था। यहां तक कि खुद प्रधानमंत्री मोदी ने इस अभियान में अपनी आवाज जोड़ी थी और विपक्ष को घुसपैठियों का संरक्षक बताया था। लेकिन, इस सब के बावजूद, एसआइआर की प्रक्रिया जब पूरी हुई और चुनाव आयोग द्वारा अपनी ओर से अंतिम और जाहिर है कि "शुद्ध की हुई" मतदाता सूचियां जारी की गयीं, उसमें हटाए गए नामों में कुल कितने नाम विदेशियों या घुसपैठियों के थे, चुनाव आयोग की यह बताने की हिम्मत ही नहीं हुई।

वास्तव में, मतदाता सूचियों की इस पहलू से छानबीन करने वाले कुछ अध्ययनों में यह सचाई सामने आयी है कि कुछ आठ करोड़ मतदाताओं में, संघ-भाजपा की परिभाषा के हिसाब से घुसपैठिया या मुसलमान विदेशी कहे जा सकने वालों की संख्या, आधा दर्जन भी नहीं निकलेगी। विदेशियों की गिनाने लाइक संख्या, नेपालियों की ही पायी गयी है और उसमें भी बड़ा हिस्सा विवाह कर बिहार के नेपाल से लगती सीमाओं वाले जिलों में रह रही नेपाली बहुओं का है। क्योंकि "घुसपैठियों के खतरे" के झूठ की पोल खोलने वाले एसआइआर के ये आंकड़े एकदम हाल के हैं, संघ-भाजपा के लिए भी यह मानना मुश्किल था कि चुनाव में इस मुद्दे को उछालने से अपने कार्यकताओं को थोड़ा उत्साहित करने के सिवा किसी खास लाभ की उम्मीद की जा सकती है। इसीलिए, प्रधानमंत्री समेत संघ-भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने अपने चुनाव प्रचार में घुसपैठियों के मुद्दे से आम तौर पर परहेज किया।

लेकिन, ऐसा लगता है कि पहले चरण में 121 सीटों के मतदान में जिस तरह के रुझान दिखाई दिए, उनके बाद संघ-भाजपा को हताशा के उपाय के तौर पर घुसपैठियों का खतरा प्रचारित करना ही इकलौता उपाय नजर आया है। और इसे कार्यनीतिक तरीके से विशेष रूप से सीमांचल के इलाके में आजमाया गया है, जहां मुस्लिम आबादी अपेक्षाकृत ज्यादा है और गठजोड़ में सीटों के बंटवारे में भाजपा के हिस्से में अपेक्षाकृत कम सीटें आयी हैं। आम तौर पर ऐसा माना जा रहा है कि पहले चरण के रुझानों ने, जिनमें भाजपा के बराबर संख्या में सीटों पर चुनाव लड़ने के बावजूद, भाजपा के मुकाबले जदयू ठीक-ठाक आगे निकलती नजर आती है, भाजपा और जदयू के बीच रस्साकशी को और तीखा कर दिया है। ऐसे में भाजपा, किसी भी कीमत पर अपनी सीटों पर हिंदू वाटों का ध्रुवीकरण कर के अपनी संख्या बढ़ाना चाहती है, भले ही इसका नतीजा इसकी प्रतिक्रिया में मुस्लिम वोटों का समग्रता में एनडीए के खिलाफ ही नहीं, महागठबंधन के पक्ष में ध्रुवीकरण भी हो। याद रहे कि सीमाचंल क्षेत्र में खासतौर पर इंडिया के मुस्लिम वोट में ही विभाजन के लिए, एमआइएम ने अपने उम्मीदवार उतारे हैं। इसके अलावा प्रशांत किशोर की जनसुराज पार्टी भी मैदान में है। घुसपैठियों के खतरे की दुहाई का इस्तेमाल, भाजपा की बदहवास कोशिश ही ज्यादा है।

बहरहाल, मतदाताओं का रुझान बहुत हद तक साफ हो जाने और महागठबंधन का पलड़ा भारी नजर आने के बावजूद, यह नहीं कहा जा सकता है कि 14 तारीख की मतगणना के नतीजे भी इसी को प्रतिबिंबित करेंगे। बिहार के चुनाव के सिलसिले में चुनाव आयोग का अब तक का जो पूरी तरह से पक्षपातपूर्ण आचरण रहा है और जिस तरह से चुनाव पर्यवेक्षकों समेत चुनाव संबंधी जिम्मेदारियां संभालने के लिए राज्य से बाहर से छांट-छांटकर सद्धापेक्ष के अनुकूल अधिकारियों का तैनात किया गया है और जिस तरह अमित शाह के पटना में बैठकर गुपचुप तरीके अधिकारियों को नियंत्रित करने की खबरें आ रही हैं, उससे इसकी गंभीर आशंकाएं पैदा होती हैं कि कहीं जनता की इच्छा और चुनाव नतीजों के बीच खेल तो नहीं हो जाएगा?

हैरानी की बात नहीं है कि महागठबंधन के नेता, खासतौर तेजस्वी यादव और राहुल गांधी, बार-बार जनता को और खासतौर पर युवाओं को आगाह कर रहे हैं कि वोट चोरी से लेकर नतीजा चोरी तक की कोशिशों के प्रति सतर्क रहें और ऐसी कोशिशों को विफल करें।

# भविष्य निधि : कर्मचारी हित बनाम प्रशासनिक सुविधा

अरुण कुमार




**डनायक** विवाह के लिए धन-निकासी अब भी केवल स्वयं, पुत्र या पुत्री तक सीमित है, जबकि अधिकांश परिवारों में भाई पर बहनों के विवाह की जिम्मेदारी होती है। यह नीति भारतीय परिवार संरचना को नजरअंदाज करती है। सरकार कहती है कि अब शिक्षा और विवाह के लिए दस बार तक धन-निकासी की अनुमति मिलेगी, लेकिन यदि कम वेतन, ठेके की नौकरी, रुक-रुक कर योगदान के कारण खाते में जमा ही नहीं बढ़ रही तो धन-निकासी की संख्या का कोई अर्थ नहीं रहता।

स्वतंत्रता के पश्चात भारत सरकार ने अपने आर्थिक नियोजन की दिशा तय करने के साथ-साथ कामगार वर्ग को सुरक्षित भविष्य देने के उद्देश्य से सन 1952 में 'कर्मचारी भविष्य निधि संगठन' (ईपीएफओ) की स्थापना की थी। इसका उद्देश्य प्रत्येक नियोजित कर्मचारी की आय का एक अंश सुरक्षित रखकर सेवानिवृत्ति या आपात-स्थिति में आर्थिक सहारा प्रदान करना था। बाद में पेंशन और बीमा योजनाएं जुड़ीं, जिनका संयुक्त लक्ष्य था– सामाजिक सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और सम्मानजनक वृद्धावस्था।

'ईपीएफओ' की सदस्यता आज 30 करोड़ से अधिक श्रमिकों तक पहुंच चुकी है। इसका आकार लगभग 20 लाख करोड़ रुपये के आसपास माना जाता है, जो इसे दुनिया के सबसे बड़े भविष्यनिधि कोषों में स्थान देता है, परंतु इतने विशाल संगठन के भीतर जो नौकरशाही और नीतिगत जटिलता व्याप्त है, वह अक्सर लेटलतीफी और असुविधा के लिए बदनाम है। 'ईपीएफओ' का निवेश ढांचा जटिल और अपारदर्शी है। लगभग 15 फीसदी राशि शेयर बाजार में तथा शेष सरकारी व कॉरपोरेट बॉन्ड में लगाई जाती है, फिर भी ब्याज दर 1990 के दशक की 12फीसदी से घटकर लगभग 8फीसदी रह गई है, जो मुद्रास्फीति के अनुपात में नगण्य है। निवेश प्रक्रिया पर नियंत्रण और जवाबदेही का अभाव है। नौकरशाही में पेशेवर दक्षता की कमी और राजनीतिक दबाव के कारण कर्मचारियों की पूंजी अक्सर जोखिम में पड़ जाती है। 'भारतीय रिजर्व बैंक' (आरबीआई) द्वारा सुझाए गए 'ईपीएफओ' निवेश सुधारों को सरकार को शीघ्र लागू करना चाहिए, ताकि फंड प्रबंधन पारदर्शी और लाभकारी हो सके।

संसद से श्रमिक वर्ग की आवाज लगभग गायब है। एके गोपालन, जार्ज फर्नांडिस, गुरुदास दासगुप्ता और सीताराम येचुरी जैसे नेताओं के बाद मजदूर हितों का प्रतिनिधित्व नगण्य रह गया है, परिणामस्वरूप श्रम सुरक्षा के मुद्दे हाशिए पर हैं और संसद का रुझान कॉरपोरेट पक्ष में झुक गया है। नतीजे में पेंशन योजना की स्थिति बेहद दयनीय है। दशकों तक अंशदान के बाद भी कर्मचारी को मात्र रुपए 1,000 (अब न्यायालय आदेश से रुपए 7,500) पेंशन मिलती है, जबकि सांसद-विधायक मात्र एक कार्यकाल के बाद आजीवन पेंशन पाते हैं। जनता के धन से मिलने वाली यह 'बहुस्तरीय पेंशन' सामाजिक न्याय का उपहास है, जहां श्रमिकों के हिस्से में सिर्फ शर्तें आती हैं।

'ईपीएफओ' की 238वीं 'केंद्रीय न्यासी बोर्ड' की बैठक में आंशिक निकासी के नियमों को सरल और उदार बनाया गया है। अब 13 के स्थान पर केवल तीन श्रेणियां होंगी – आवश्यक जरूरतें (बीमारी, शिक्षा, विवाह), आवास और विशेष परिस्थितियों में बिना कारण बताए धन-निकासी। शिक्षा के लिए दस बार और विवाह के लिए पांच बार तक धन-निकासी की अनुमति मिलेगी, जो पहले कुल तीन बार तक सीमित थी। साथ ही, न्यूनतम सेवा अवधि घटाकर सभी श्रेणियों के लिए 12 माह कर दी गई है, जो पहले गृह निर्माण के लिए 5 और विवाह व शिक्षा के लिए 7 वर्ष थी। 'ईपीएफओ' ने डिजिटल रूपांतरण की घोषणा की है– जिसमें 'क्लाउड' आधारित प्रणाली, बहुभाषी 'स्व-सेवा पोर्टल' और स्वचालित दावे-निपटान जैसी सुविधाएं शामिल हैं। यह पहल निश्चित रूप से आधुनिकता की दिशा में कदम है, पर तकनीकी नवाचार प्रशासनिक संवेदनशीलता का विकल्प नहीं हो सकता। जब तक 'शिकायत निवारण तंत्र' पारदर्शी और जवाबदेह नहीं बनेगा, तब तक यह डिजिटल बदलाव कर्मचारियों के लिए राहत नहीं, केवल 'क्लिक भर का सुधार' सिद्ध होगा। निस्संदेह, निकासी संबंधी नियमों का सरलीकरण और दस्तावेजों की बाध्यता समाप्त करना स्वागतयोग्य सकारात्मक कदम है, पर साथ लगाए गए प्रतिबंध इन सुधारों की भावना पर प्रश्न उठाते हैं। सरकार इन्हें 'कर्मचारी हितैषी' बताती है, जबकि व्यवहार में ये प्रावधान कर्मचारियों की बचत पर सरकार के नियंत्रण बढ़ाकर उनकी आर्थिक स्वतंत्रता को सीमित करते दिखाई देते हैं। धन-निकासी की एक शर्त कि खाते में 25फीसदी राशि अनिवार्य रूप से रखी जाए, ताकि रिटायरमेंट में पर्याप्त फंड रहें, लेकिन महंगाई, बेरोजगारी और आकस्मिक खर्चों के बीच यह कर्मचारी की अपनी ही बचत तक सीमित पहुंच बनाता है। ब्याज दर (8.25फीसदी) आकर्षक लगती है, पर मुद्रास्फीति 6-7फीसदी और शेयर मार्केट में औसत आमदनी 15फीसदी तक होने पर यह लगभग नगण्य है। केवल एक वर्ष की सेवा के बाद गृह निर्माण हेतु धन-निकासी की अनुमति अव्यावहारिक व दिखावा लगती। छोटे कर्मचारियों के खाते में इतने समय में मुश्किल से कुछ हजार रुपये ही जमा हो पाते हैं, जो बढ़ती महंगाई में घर खरीदने हेतु अंशदान लायक भी नहीं रहते। विवाह के लिए धन-निकासी अब भी केवल स्वयं, पुत्र या पुत्री तक सीमित है, जबकि अधिकांश परिवारों में भाई पर बहनों के विवाह की जिम्मेदारी होती है। यह नीति भारतीय परिवार संरचना को नजरअंदाज करती है। सरकार कहती है कि अब शिक्षा और विवाह के लिए दस बार तक धन-निकासी की अनुमति मिलेगी, लेकिन यदि कम वेतन, ठेके की नौकरी, रुक-रुक कर योगदान के कारण खाते में जमा ही नहीं बढ़ रही तो धन-निकासी की संख्या का कोई अर्थ नहीं रहता। डिजिटलीकरण और 'ऑटो सेटलमेंट' हेतु 'ईपीएफओ' 3.0 सुनने में भले आधुनिक लगे, पर यह व्यवस्था जमीनी हकीकत से कटी हुई है। अधिकांश श्रमिकों के पास न पर्याप्त कंप्यूटर ज्ञान है, न पहचान के उपयुक्त दस्तावेज। ऐसे में तकनीकी त्रुटियां ही उनके अधिकारों की सबसे बड़ी बाधा बन जाएंगी और सुविधा के नाम पर एक नई डिजिटल दीवार खड़ी हो जाएगी। 'ईपीएफओ' में मुकदमों का प्रमुख कारण देरी पर भारी दंड था; मई 2025 तक बकाया रुपए 2,406 करोड़ रुपए और लगभग 6,000 मामले लंबित हैं। इस समस्या से निपटने के लिए सरकार 'विश्वास योजना' लेकर आई है, जो कर्मचारियों की बजाए मुख्यतः नियोक्ताओं के लिए राहत है। देर से अंशदान पर दंड सिर्फ 1फीसदी कर देना नियोक्ताओं को खुली छूट देता है और श्रमिक हितों की तुलना में उन्हें मजबूत करता है। 'ईपीएफओ' नियमों का स्वरूप कर्मचारियों की सुविधा से अधिक, सरकारी नियंत्रण और पूंजी स्थायित्व पर केंद्रित प्रतीत होता है। प्रतीकात्मक रियायतें हैं, लेकिन व्यावहारिक लाभ सीमित हैं। कुल मिलाकर यह ढांचा सुधार की दिशा का संकेत देता है, लेकिन श्रमिक दृष्टिकोण से कम और प्रशासनिक सुविधा के लिए अधिक बनाया गया है। वास्तविक सुधार तभी संभव है जब लचीलापन, ब्याज और निवेश की पारदर्शिता, पेंशन सुधार, नौकरशाही और नियोक्ता की जवाबदेही तथा असंगठित श्रमिकों का समावेश सुनिश्चित किया जाए। 'ईपीएफओ' में व्यापक सुधार न हुए तो मुद्रास्फीति के मुकाबले ब्याज लाभ नगण्य रहेगा, ठेका और असंगठित श्रमिकों का शोषण बंद नहीं होगा, कर्मचारी बचत और सामाजिक सुरक्षा तंत्र कमजोर बना रहेगा और 'ईपीएफओ' करोड़ों कर्मचारियों के लिए एक ऐसा खाता बना रह जाएगा, जहां जमा तो बहुत है, लेकिन भरोसा बहुत कम।

# भागवत की नई दृष्टि और समरस भारत की परिकल्पना

-ललित गर्ग-



**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ को प्रायः हिंदूवादी संगठन के रूप में देखा जाता रहा है, परंतु वस्तुतः वह केवल एक धार्मिक या सांप्रदायिक संगठन नहीं, बल्कि भारतीयता और राष्ट्रीयता की जीवंत चेतना का प्रतीक है। संघ की मूल प्रेरणा ह्लवसुधैव कुटुम्बकम्ह्व के भाव से उपजी है, जो भारत की सनातन संस्कृति की आत्मा है। इसी दृष्टि का विस्तार संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत के हालिया बेंगलुरु वक्तव्य में परिलक्षित हुआ, जब उन्होंने खुले हृदय से कहा कि ह्लईसाई और मुसलमान भी संघ में शामिल हो सकते हैंह्व। यह कथन न केवल साहसिक है बल्कि यह नए भारत, विकसित भारत और संतुलित भारत की सोच का परिचायक भी है। संघ में मुस्लिम, ईसाई समेत किसी भी संप्रदाय के लोगों के स्वागत की भागवत के वक्तव्य की व्यापक चर्चा होना स्वाभाविक है। लेकिन यह वक्तव्य संघ की व्यापक सोच का भी परिचायक है और उसके प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए।

मोहन भागवत का यह वक्तव्य संघ की विचारधारा में निहित उस भारतीय दर्शन की पुनः पुष्टि करता है जिसमें धर्म का अर्थ संप्रदाय नहीं बल्कि जीवन-मूल्यों का समुच्चय है। संघ के लिए हिंदुत्व किसी धर्म विशेष का नाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की वह पद्धति है जिसमें समरसता, सह-अस्तित्व, करुणा और राष्ट्रनिष्ठा के तत्व समाहित हैं। यही कारण है कि संघ की दृष्टि में ह्लहिंदुत्वह्व का अर्थ भारतीयता है अर्थात भारत की संस्कृति, परंपरा, इतिहास, संवेदना और जीवनशैली से आत्मीय जुड़ाव। ऐसा नहीं है कि इसके पहले संघ में विभिन्न संप्रदायों के लोगों को आने की अनुमति नहीं थी, यह अनुमति पहले से है और सच तो यह है कि उसके कार्यक्रमों में विभिन्न संप्रदायों के लोग आते भी रहे हैं। इनमें मुस्लिम और ईसाई भी हैं। इस सबके बाद भी धारणा यह भी है कि संघ के कार्यक्रमों में केवल हिंदू संप्रदाय के लोग शामिल होते हैं। इस धारणा का कारण यह है कि हिंदू संप्रदाय को लेकर संघ की अपनी विशिष्ट धारणा और परिभाषा है। उसके अनुसार देश में रहने वाले सभी लोग हिंदू ही हैं, भले ही उनका संप्रदाय और उनकी उपासना पद्धति कुछ भी हो। संघ की ओर से बार-बार यह स्पष्ट किया गया है कि चूंकि इस देश में रहने वाले समस्त लोगों के पूर्वज हिंदू ही थे, इसलिए वह सभी को हिंदू के रूप में देखता, मानता और संबोधित करता है। आखिर इस अवधारणा में कठिनाई क्या है?

संघ के दूसरे सरसंघचालक गुरुजी गोलवलकर ने कहा था, ह्लहिंदुत्व केवल धर्म नहीं, वह संस्कृति है, जीवन का एक दृष्टिकोण हैह्व इसी सूत्र को आगे बढ़ाते हुए मोहन भागवत स्पष्ट करते हैं कि हिंदुत्व किसी जाति, भाषा, मजहब या सीमित परंपरा का नाम नहीं है। संघ यह मानता है कि भारत में रहने वाले सभी लोग, चाहे वे किसी भी पंथ या विश्वास से जुड़े हों, इस धरती के सांस्कृतिक उत्तराधिकारी हैं। इसीलिए वे भारतीय हैं और इस दृष्टि से हिंदू अर्थात इस भूमि की सभ्यता के उत्तराधिकारी।

# ज्ञानपुर में नि:शुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**



**गोपीगंज भदोही । इंडियन** रेड क्रॉस सोसाइटी भदोही शाखा द्वारा कार्यालय पुरानी तहसील रोड ज्ञानपुर पर निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन जिलाधिकारी श्री शैलेश कुमार ने करते हुए कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी भदोही द्वारा सेवा कार्यों के अंतर्गत आज नेत्र एवं स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन यहां किया गया है। मोतियाबिंद के चयनित मरीजों का ऑपरेशन महाराजा चेत सिंह चिकित्सालय ज्ञानपुर में कराया जाएगा । रेड क्रॉस सोसायटी निरंतर सेवा कार्य कर रही है। रेड क्रॉस सोसाइटी का प्रयास सराहनीय है । डॉक्टर भारतेन्दु द्विवेदी सचिव ने रेड क्रॉस द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों पर प्रकाश डालते हुए जिलाधिकारी, उपस्थित डॉक्टर की टीम एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया। शिविर में 25 मोतियाबिंद के मरीजों का चयन ऑपरेशन हेतु किया गया ।

# खनन क्षेत्रों में अनियमितताओं पर प्रशासन की निगरानी तेज, 84 लाख के ऑनलाइन नोटिस पर तेजी के आदेश

- चेकगेट से 198 वाहनों पर कार्रवाई
- कई स्थलों पर नियम उल्लंघन की जानकारी

**अखंड भारत संदेश**



खनन स्थलों पर जांच करते डीएम

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने सोमवार को जिले में संचालित विभिन्न खनन स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ पुलिस अधीक्षक, सीओ सिटी, खान अधिकारी, खान निरीक्षक और भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग प्रयागराज के सर्वेक्षक भी मौजूद रहे। निरीक्षण का उद्देश्य खनन कार्यों में नियमों के अनुपालन और अवैध खनन की स्थिति की समीक्षा करना था। निरीक्षण की शुरूआत कोरारी गोड़ा गांव से हुई, जहां राजेंद्र कुमार शर्मा के नाम से स्वीकृत ग्रेनाइट गिट्टी एवं बोल्डर खनन पट्टा का निरीक्षण किया गया। खनन अधिकारी ने बताया कि इस पट्टे पर लगभग 324 घन मीटर अवैध खनन पाया गया था। इस पर पट्टाधारक को नोटिस जारी कर 14.36 लाख रुपये की धनराशि जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। डीएम ने स्थल पर चल रहे बेंच डेवलपमेंट कार्य की समीक्षा करते हुए सुरक्षा मानकों के अनुरूप कार्य करने को कहा। इसके बाद उन्होंने ग्राम रौली कल्यानपुर स्थित मेसर्स ओसेन बिल्डस्पेस एलएलपी के स्टोन क्रेशर यूनिट का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानकों का पालन करने और वैध प्रपत्रों के साथ निर्धारित मात्रा में ही उपखनिज परिवहन करने के निर्देश दिए। निरीक्षण का अंतिम चरण शिवरामपुर चेक गेट रहा, जहां वाहनों की जांच और सीसीटीवी मॉनिटरिंग व्यवस्था का जायजा लिया गया। खनन अधिकारी ने बताया कि इस चेक गेट के माध्यम से चालू वित्तीय वर्ष में 198 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 84.07 लाख रुपये के ऑनलाइन नोटिस जारी किए गए हैं, जिनमें से 14.16 लाख रुपये की वसूली की जा चुकी है। जिलाधिकारी ने शेष राशि की वसूली और अवैध परिवहन में लिप्त वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।

# अभ्युदय कोचिंग हॉल में डीएम का विजन- अब हर छात्र बनेगा सिविल सर्विसेज का सिपाही

डीएम ने किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**



पुस्तकालय के निरीक्षण में मौजूद डीएम व अन्य

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने मंगलवार को राजकीय पुस्तकालय व नवनिर्मित अभ्युदय कोचिंग हॉल का औचक निरीक्षण कर शिक्षा और प्रशासनिक सुधारों का नया अध्याय खोल दिया। करीब 31.88 लाख रुपये की लागत से नीति आयोग की योजना के तहत बने इस अत्याधुनिक हॉल में स्मार्ट टेलीविजन और नवीन फर्नीचर की व्यवस्था देखकर डीएम ने संतोष जताया। कोचिंग में पढ़ रहे विद्यार्थियों से बातचीत के दौरान छात्र दीपक ने सिविल सर्विसेज की तैयारी में टाइम मैनेजमेंट पर सवाल पूछा, जिस पर डीएम ने प्रेरक जवाब देते हुए कहा कि तैयारी के साथ-साथ जिम्मेदारी की समझ भी उतनी ही जरूरी है। उन्होंने छात्रों को दैनिक अखबार पढ़ने, उनके आधिकारिक पेज को फॉलो करने और अपने ऑनलाइन साक्षात्कार से भी प्रेरणा लेने की सलाह दी। निरीक्षण के दौरान डीएम ने लाइब्रेरी मैनेजमेंट सिस्टम, पुस्तकों की इश्यू-रिटर्न मशीन और 24 एंटीथेस्ट टैब की कार्यप्रणाली देखी। विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पुस्तकालय की दो मंजिला विस्तार योजना पर कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। परिसर को और सुगम बनाने, जलनिकासी और पहुंच मार्ग निर्माण के लिए प्रस्ताव मांगे गए। सुरक्षा की दृष्टि से लगाए गए सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील पाए गए, जबकि शौचालयों की सफाई को लेकर सख्त चेतावनी दी गई। डीएम ने कहा कि पुस्तकालय अब सिर्फ भवन नहीं, बल्कि ज्ञान, तकनीक और प्रेरणा का संगम बनेगा।

# पराया धन नहीं, गर्व की पहचान हैं बेटियां- किशोरियों को ममता संस्था ने दिखाया नया रास्ता

- शिक्षित बेटी ही सशक्त भारत की नींव
- बेटियां बनीं बदलाव की पहचान

**अखंड भारत संदेश**



बेटियों को सम्मानित करते समाजसेवी

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर ममता हेल्थ इंस्टिट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड संस्था ने अपनी प्रोजेक्ट जाग्रति-4 पहल के तहत ग्राम कौहारी माफी और परसौजा इंटर कॉलेज में एक प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित कर किशोरियों में शिक्षा और समानता की अलख जगाई। संस्था की टीम ने बाल विवाह जैसी कुरीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए यह संदेश दिया कि लड़के और लड़कियों में कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए, दोनों को समान अवसर और शिक्षा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लड़कियों की शिक्षा न केवल उनके जीवन को संवारती है बल्कि समाज के आर्थिक, सामाजिक और नैतिक विकास की दिशा तय करती है। कार्यक्रम में बताया गया कि शिक्षित बेटियां आत्मनिर्भर बनती हैं, बेहतर रोजगार पाती हैं और बाल विवाह, दहेज जैसी सामाजिक बुराइयों से समाज को मुक्त करने में अग्रणी भूमिका निभाती हैं। बेटियों को पराया धन मानने की मानसिकता का विरोध करते हुए कहा गया कि उनके जन्म पर खुशियां और उत्सव मनाना ही सच्ची प्रगति का प्रतीक है। ममता संस्था ने वीडियो और रोल प्ले के माध्यम से किशोरियों को जागरूक किया तथा मेधावी छात्राओं को रिवॉर्ड किट देकर सम्मानित किया ताकि उनमें पढ़ाई के प्रति उत्साह और आत्मविश्वास बढ़े। विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज सिंह, प्रबंधक कुलदीप यादव और परसौजा इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सराफत खान ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि किशोरियों के सर्वांगीण विकास और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में ममता हेल्थ इंस्टिट्यूट का यह प्रयास सराहनीय और अनुकरणीय है।

# बीएसए के नेतृत्व में चमका मऊ - बरगढ़ इंटर कॉलेज बना खेल महोत्सव का रणभूमि

- बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में फूटा जोश
- शिक्षा संग खेल का संगम



मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता मे बीएसए को सम्मानित करते आयोजक

**मऊ/चित्रकूट।** विकास खंड मऊ में आयोजित 26वीं दो दिवसीय क्षेत्रीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को राजकीय इंटर कॉलेज बरगढ़ में हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीक. शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में किया, जबकि विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र शशांक शेखर शुक्ला, पिरामल फाउंडेशन के प्रोजेक्ट मैनेजर अनिल शुक्ला और उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अखिलेश पांडेय रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं ध्वजारोहण के साथ हुआ। उद्घाटन समारोह में यूपीएस मुरका की छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। बीएसए शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा के साथ शारीरिक विकास समान रूप से आवश्यक है, और शिक्षकों को शिक्षा को धर्म मानकर सेवा भाव से कार्य करना चाहिए। उन्होंने खेलों को बढ़ावा देने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। तत्पश्चात अतिथियों ने 100 मीटर दौड़ की हरि झंडी दिखाकर प्रतियोगिता की शुरूआत की। इस दो दिवसीय आयोजन में विकास खंड मऊ के सभी सात संकुलों के छात्र-छात्राओं ने दौड़, कबड्डी, खो-खो, गोला थ्रो, डिस्कस थ्रो और सांस्कृतिक स्पधाओं में प्रतिभा दिखाई। संयोजक खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण दत्त पांडेय ने कार्यक्रम की सफलता का श्रेय शिक्षकों, अनुदेशकों व शिक्षा मित्रों को दिया और कहा कि जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक गर्ग की अगुवाई के बिना इतना बड़ा आयोजन संभव नहीं था। संचालन श्रीमती साधना शुक्ला ने किया। कार्यक्रम के अंत में आलोक गर्ग ने सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# रामनगर बनेगा बाल हितैषी ब्लॉक- हर बच्चे तक पहुँचेगा संरक्षण का अधिकार



कार्यक्रम में मौजूद अधिकारीगण

**चित्रकूट।** रामनगर ब्लॉक को बाल हितैषी पंचायतों का मॉडल बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया। खण्ड विकास अधिकारी हरिओम गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित ब्लॉक बाल कल्याण समिति की बैठक में बच्चों के संरक्षण, शिक्षा और सुरक्षा पर ठोस निर्णय लिए गए। बीडीओ ने निर्देश दिया कि आकांक्षी ब्लॉक रामनगर के हर गांव को बाल विवाह और बाल श्रम मुक्त बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है। साथ ही हर बच्चे को स्कूल से जोड़ने, जरूरतमंद बच्चों के चयन और संरक्षण हेतु पंचायत सचिवों को दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में डॉ. सौरभ सिंह ने महिला कल्याण विभाग की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला, स्पॉन्सरशिप व निराश्रित महिला पेंशन की जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. देवेंद्र मणि, एडीओ विनय गौड़, अनुराग पांडेय, पूजा यादव सहित सभी पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

# चित्रकूट में खेत बने खून के मैदान, आधी रात ट्यूबवेल पर किसानों पर हमला

- खेत की रखवाली कर रहे थे किसान
- बदमाशों ने की बेरहमी से पिटाई
- अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**चित्रकूट।** जिले में बीती रात अपराधियों ने ऐसा तांडव मचाया कि खेतों की मिट्टी तक सिहर उठी। दो अलग-अलग गांवों में ट्यूबवेल पर सो रहे दो किसानों को आधा दर्जन बदमाशों ने बेरहमी से पीट डाला। दोनों किसान गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पहली घटना मऊ थाना क्षेत्र के बियावल गांव की है, जहां खेत की रखवाली कर रहे किसान नंदलाल साहू ट्यूबवेल में सो रहे थे। देर रात अचानक आधा दर्जन अज्ञात बदमाश वहां पहुंचे और उन पर हमला कर दिया। बदमाशों ने किसान की पिटाई करने के साथ ही ट्यूबवेल में रखा सामान भी लूट लिया और मौके से फरार हो गए। नंदलाल को गंभीर चोटें आई हैं और वे फिलहाल अस्पताल में इलाजरत हैं। दूसरी वारदात बहिलपुरवा थाना क्षेत्र के कैलहा गांव में हुई, जहां किसान शिवप्रसाद अपने खेत पर रखवाली कर रहे थे। उसी दौरान बदमाशों का एक गिरोह वहां भी पहुंचा और उन पर हमला बोल दिया। इस हमले में शिवप्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घटनाओं के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई है। पुलिस अधीक्षक ने वीडियो बाइट जारी करते हुए बताया कि बियावल गांव की घटना में अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पुलिस आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है। लगातार हो रही इन वारदातों ने कानून-व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

# न्याय और संस्कृति की संगम भूमि बना संप्रेक्षण गृह- बाल प्रतिभाओं की चमक



संप्रेक्षण गृह में मौजूद अतिथिगण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर कर्वी में सोमवार को तरंग-बाल न्याय हेतु विशेष दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत रंगारंग सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसने पूरे परिसर को उत्साह से भर दिया। बालकों ने सामूहिक नृत्य, झांकी, नाटक और गीत प्रस्तुत कर अपनी अद्भुत प्रतिभा से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। लोकनृत्य में देशभक्ति की लहर, नाटक में महान पुरुषों की प्रेरक गाथा और गीतों में राष्ट्रप्रेम व पर्यावरण चेतना की गूंज सुनाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक अधीक्षक वीर सिंह ने की, जबकि अंजना पोडवाल, अर्चना श्रीवास्तव और शिवशंकर त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि रहे। अतिथियों ने बालकों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन संगीत प्रशिक्षक मूलचंद ने किया, जिनके निर्देशन में बच्चों ने तरंग को एक अविस्मरणीय सांस्कृतिक पर्व बना दिया।

# जनता के जख्मों पर मरहम लगाने निकला व्यापारी, हिलने लगे सियासत के सिंहासन

**चित्रकूट।** जिले की सियासत में इस वक्त एक व्यापारी नेता का नाम उस चिंगारी की तरह गूंज रहा है, जिसने भाजपा की सत्ताई नींव को भीतर तक हिला दिया है। जब सत्ताधारी जनप्रतिनिधि अपनी तस्वीरों और झंडा-बैनर की राजनीति में उलझे हैं, तब यह व्यापारी नेता जनता के मुद्दों को लेकर सड़क पर उतर आया है। जिस तेवर और निडरता से इसने प्रशासन और सत्ता दोनों को आइना दिखाया है, उसने आम जनता के दिल में उम्मीद की लौ जलाई है। स्वास्थ्य व्यवस्था की दुर्दशा, डॉक्टरों की कमी, जिला अस्पताल का रेफर सेंटर बन जाना और वर्षों से लंबित ट्रॉमा सेंटर की मांग- ये सब ऐसे ज्वलंत प्रश्न हैं जो हर घर की पीड़ा बन चुके हैं। पर अफसोस, जिनके कंधों पर जनता का बोझ था, वे सत्ताई चैन की नींद में सोए हैं। इस व्यापारी नेता ने इन्हीं जख्मों पर उंगली रख दी है और यही उसकी सबसे बड़ी ताकत बन गई है। मजे की बात है कि इस जनयुद्ध में कोई भी स्थानीय नेता, विधायक या सांसद उसके साथ खुलकर नहीं खड़ा दिख रहा। आखिर क्यों? क्या जनता के मुद्दे उठाना अब राजनीति के खिलाफ जुर्म हो गया है? या फिर इन समस्याओं के हल से कुछ लोगों की कमाई बंद हो जाएगी? चित्रकूट की राजनीति अब करवट ले रही है। जनता के गुस्से और व्यापारी की हुंकार ने ऐसा माहौल बना दिया है कि लोग कहने लगे हैं कि अगर ये आवाज यूँ ही बढ़ती रही, तो भाजपा की जड़ें खुद जनता उखाड़ फेंकेगी। वहीं आज होने वाले आंदोलन में अगर जनता खुलकर सामने आई तो यह जिले के जनप्रतिनिधियों की चूलें हिलने से कम नही होगा। यह आंदोलन नहीं, चेतावनी है- उस सत्ता के लिए जो जनता की कराह को अब तक सुनने से इनकार करती रही।

# सड़क सुरक्षा की नई पाठशाला- चित्रकूट में ट्रैफिक पुलिस का सघन अभियान

- सड़क पर अनुशासन की क्लास
- सीट बेल्ट नहीं, तो सफर नहीं




पुलिस लाइन्स खोह के पास वाहनो की जांच करते यातायात प्रभारी

**चित्रकूट।** यातायात माह के तहत खोह, शिवरामपुर समेत कई इलाकों में शनिवार से बुधवार तक चलाए गए सघन चेकिंग अभियान ने लापरवाह चालकों में हड़कंप मचा दिया। यातायात प्रभारी शैलेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सड़कों पर उतरकर दोपहिया और चारपहिया वाहनों की गहन जांच की। खोह पुलिस लाइंस तिराहे पर हुए अभियान में वाहनों को रोककर उनके कागजातों की जांच की गई, साथ ही बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट चलने वालों को मौके पर ही चालान थमा दिया गया। इसी तरह शिवरामपुर के भैसौधा रोड पर भी पुलिस की कड़ी कार्रवाई देखने को मिली, जहां हर वाहन चालक से नियमों के पालन की सख्त हिदायत दी गई। शैलेंद्र सिंह ने बताया कि अभियान का मकसद सिर्फ चालान काटना नहीं, बल्कि लोगों में सड़क सुरक्षा की जागरूकता और जिम्मेदारी पैदा करना है। उन्होंने कहा कि अगर नागरिक स्वयं नियमों का पालन करें, तो सड़क हादसों में भारी कमी लाई जा सकती है। चेतावनी दी कि लापरवाही की कोई जगह नहीं- हेलमेट, सीट बेल्ट और नियम ही जीवन की सबसे बड़ी सुरक्षा हैं। यह अभियान चित्रकूट में ट्रैफिक अनुशासन की एक नई मिसाल बनकर उभरा है, जहां पुलिस अब केवल कार्रवाई नहीं, बल्कि जागरूकता की ताकत बन गई है।

# गैंगस्टर एक्ट में कोर्ट का बड़ा फैसला- तीन दोषियों को 10 साल की कठोर कारावास

- कोल गैंग का किला ढहा
- गैंगस्टरों पर गिरी गाज

**चित्रकूट।** अपराधियों की कमर तोड़ने वाली एक ऐतिहासिक कार्रवाई में चित्रकूट की अदालत ने मंगलवार को गैंगस्टर एक्ट के एक चर्चित मामले में तीन आरोपियों को 10-10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही प्रत्येक आरोपी पर 20-20 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी ने बताया कि यह मामला थाना बहिलपुरवा में दर्ज हुआ था, जहां से इन अपराधियों के आतंक की जड़ें पूरे इलाके में फैली थीं। न्यायालय ने अभियोजन पक्ष की ठोस दलीलों और साक्ष्यों पर भरोसा जताते हुए देवमन प्रधान पुत्र कोदा कोल निवासी डोडामाफी, छोटा कोल उर्फ छोटवा कोल पुत्र स्व बाबूलाल कोल निवासी बहिलपुरवा, और राजाराम कोल उर्फ श्याम कोल पुत्र रामकेश कोल निवासी किहुनिया थाना मारकुंडी को दोषी ठहराया। इस फैसले के बाद प्रशासन ने कहा कि यह निर्णय अपराधियों के लिए चेतावनी है कि अब कोई भी गैंग कानून से ऊपर नहीं।

# टॉप बॉस की कुर्सी गई, हाल के कुछ चर्चित विवाद जिसने लगा दिया BBC की साख पर दाग

**ब्रिटेन**
**ब्रिटेन** के मशहूर सार्वजनिक प्रसारक बीबीसी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के भाषण की एडिटिंग पर माफी मांगी। एडिटिंग से ऐसा प्रतीत हुआ कि ट्रंप ने 6 जनवरी 2021 को कैपिटल हिल हमले से पहले हिंसा के लिए सीधा आह्वान किया था। बीबीसी ने इस घटना को एरर ऑफ जजमेंट बताते हुए खेद व्यक्त किया है। विवाद के बाद बीबीसी के डायरेक्टर जनरल टिम डेवी और सीईओ डेबराह टर्नेस ने इस्तीफा दिया। घटना के बाद ट्रंप ने बीबीसी को भ्रष्ट और फेक न्यूज कहकर निशाना साधा, वहीं वाइट हाउस ने इस विवाद को लेकर दोनों के इस्तीफे पर मिश्रित प्रतिक्रिया दी। बीबीसी के चेयरमैन समीर शाह ने माना कि ट्रंप के भाषण को जिस तरह एडिट किया गया, उससे यह आभास हुआ कि उन्होंने हिंसक कार्रवाई के लिए प्रेरित किया।

डायरेक्टर और सीईओ ने दिया इस्तीफा
कर्मचारियों को लिखे एक पत्र में डेवी ने कहा कि कुछ गलतियां हुई है और महानिदेशक होने के नाते मुझे इसकी पूरी जिम्मेदारी लेनी होगी। वहीं, टर्नेस ने कहा कि बीबीसी को नुकसान पहुंच रहा है। कर्मचारियों को लिखे एक पत्र में कहा कि जीवन में नेताओं को पूरी तरह जवाबदेह होना जरूरी है, इसलिए मैं पद छोड़ रही हूं। हालांकि 2020 में डेवी के पदभार संभालने के बाद से बीबीसी कई प्रमुख घटनाक्रमों की वजह से सुर्खियों में रहा है।

मई 2021: डायना इंटरव्यू
एक स्वतंत्र जाँच से पता चला है कि बीबीसी पत्रकार मार्टिन बशीर ने राजकुमारी डायना के साथ 1995 में अपने इंटरव्यू को सुरक्षित करने के लिए भ्रामक हथकंडे अपनाए थे। रिपोर्ट के अनुसार, बशीर ने डायना के भाई, चार्ल्स स्पेंसर को यह विश्वास दिलाने के लिए बैंक के दस्तावेजों में हेराफेरी की कि महल के कर्मचारी डायना पर जासूसी कर रहे हैं - जिसके बाद उनका परिचय हुआ और अंततः साक्षात्कार हुआ।

जुलाई 2023: न्यूज एंकर को छह महीने की जेल



सीनियर न्यूज एंकर और बीबीसी के सबसे चर्चित प्रजेंटर्स में से एक ह्यू एडवर्ड्स उस समय विवादों में घिर गए जब उन पर एक नाबालिग को अश्लील तस्वीरें दिखाने के लिए पैसे देने का आरोप लगा। नाबालिग की माँ ने कुछ हफ़्ते पहले ही बीबीसी को सूचित कर दिया था, जिसके बाद कथित तौर पर देरी से जवाब मिलने पर लोगों में आक्रोश फैल गया। 2024 के एक आंतरिक ऑडिट में पाया गया कि बीबीसी की शिकायत प्रक्रिया में एकरूपता का अभाव था। एडवर्ड्स ने अप्रैल 2024 में मेडिकल एडवाइस पर इस्तीफा दे दिया और बाद में उन्हें चाइल्ड पोर्नोग्राफी के लिए छह महीने की निलंबित जेल की सजा सुनाई गई।


फरवरी 2025: गाजा डॉक्यूमेंट्री पर विवाद
बीबीसी को इजराइल-गाजा संघर्ष की कवरेज को लेकर एक नई आलोचना का सामना करना पड़ा, जब एक डॉक्यूमेंट्री जारी किया गया जिसमें एक लड़के द्वारा कहानी सुनाई गई थी, जो बाद में हमास के एक अधिकारी का बेटा निकला।

मई 2025: गैरी लिनेकर का इस्तीफा
बीबीसी के प्रमुख "मैच ऑफ द डे" फुटबॉल कार्यक्रम के लंबे समय से प्रस्तोता रहे गैरी लिनेकर ने एक फि लिस्तीनी समर्थक वीडियो साझा करने के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया।
इसे चूहे के इमोजी के साथ शेयर किया गया था। इसका इस्तेमाल ऐतिहासिक रूप से यहूदी विरोधी प्रचार में किया जाता रहा है।

# दिल्ली धमाके के बाद डरा पाकिस्तान!

# इस्लामाबाद ब्लास्ट का भारत पर फोड़ा ठीकरा


**इस्लामाबाद**
**दिल्ली** में लाल किले मेट्रो स्टेशन के पास हुए ब्लास्ट ने पूरे देश को गुस्से में ला दिया है। इस हमले के तार पुलवामा और फरीदाबाद समेत कई जगह से जुड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। और इस मामले में सलमान, तारिक, आमिर उमर समेत कईयों को पकड़ा भी गया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। एनआईए, एनएसजी और दिल्ली पुलिस की टीम हाई लेवल जांच में जुट गई है। तो वहीं फरीदाबाद में भी बड़ा सर्च ऑपरेशन शुरू हो गया है। यह वही फरीदाबाद है जहां से दिल्ली धमाके से कुछ घंटे पहले ही एक डॉक्टर और संदिग्ध आतंकी के घर से 2500 किलो से ज्यादा विस्फोटक बरामद हुआ था।
कहा जा रहा है कि जिस तरह से इस हमले का आतंकी कनेक्शन जुड़ रहा है, हो सकता है कि मीटिंग में ऑपरेशन सिंदूर जैसा ही कोई बड़ा फैसला लिया गया हो क्योंकि पीएम मोदी ने साफ कह दिया है कि जो भी इस हमले में



शामिल है उनसे सख्ती से निपटा जाएगा। लेकिन हमले के बाद भारत में जिस तरह से एक्शन लिए जा रहे हैं उससे पाकिस्तान में भी हड़कंप मचा हुआ है। पूरे पाकिस्तान में इस बात की घबराहट है कि कहीं भारत नया ऑपरेशन सिंदूर चलाकर उस पर फिर से अटैक ना कर दे क्योंकि ये बात दुनिया को अच्छे से पता है कि आतंकियों का सरगना पाकिस्तान ही है और जितने भी भारत में हमले हुए हैं उन सभी में पाकिस्तान का ही हाथ सामने आया है। इसीलिए ही पाकिस्तान घबराया हुआ है। हमले के बाद पाकिस्तान में खौफ का क्या आलम है। दरअसल हमले के बाद पूरी रात पाकिस्तान में मीटिंगों का दौर चलता रहा। पीएम शहबाज शरीफ भी एनएसए और डीजीआईएसआई के साथ देर रात तक बैठकें करते रहे। अब हमले की घबराहट में पीएम शबाज ने राजस्थान से लगी सीमा पर वायु सेना की पेट्रोलिंग शुरू करा दी है। यही नहीं बल्कि पाकिस्तान की तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने एक इमरजेंसी बैठक की है। पूरा पाकिस्तान हाई अलर्ट पर है। यानी कि ब्लास्ट के बाद जिस तरह की चर्चा पूरे भारत में है अब पाकिस्तान को भी वही भय सता रहा है। अमेरिकी दूतावास ने भारत में मौजूद अपने लोगों से लाल किले के आसपास और अन्य भीड़भाड़ वाले पर्यटक स्थलों से दूरी बनाए रखने और सतर्क रहने की सलाह दी है। इसी के साथ ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय ने भी चेतावनी जारी करते हुए अपने नागरिकों को भारत-पाकिस्तान सीमा से 10 किमी के अंदर आने वाले इलाकों में यात्रा ना करने की सलाह दी है।


# भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर कनाडा दौरे पर पहुंचे, G7 समिट में होंगे शामिल

**कनाडा**
**विदेश** मंत्री एस जयशंकर कनाडा के ऑंटारियो में होने वाली विदेश मंत्रियों की जी7 बैठक में शामिल होंगे। कनाडा सरकार की ओर से सोमवार को आधिकारिक बयान में इस बैठक में शामिल होने वाले देशों को लेकर जानकारी दी गई है। कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने इस बयान में जानकारी दी कि ऋ7 सदस्य देशों के अलावा, आउटरीच देशों के विदेश मंत्री इस समिट में हिस्सा लेंगे। इनमें ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, भारत, सऊदी अरब, मेक्सिको, दक्षिण कोरिया और यूक्रेन के विदेश मंत्री शामिल है। सम्मेलन ओंटारियो के नियाग्रा में 11-12 नवंबर को होगा।
ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि इस यात्रा के दौरान भारत और कनाडा के विदेश मंत्रियों के बीच मुलाकात हो सकती है। बता दें कि पिछले महीने ही आनंद भारत दौरे पर थी। अलगाववादी समर्थक



हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद, दोनों देशों के पटरी से उतरे रिश्तों के बाद किसी कनाडाई मंत्री की ये पहली हाई प्रोफाइल भारत यात्रा थी। इस यात्रा के दौरान देशों के बीच रिश्तों का एक नया रोडमैप कायम हुआ। भारत सरकार टूडो के कार्यकाल के वक्त से ही कहती रही है कि वहां अलगाववादी तत्वों को राजनीतिक स्पेस दिया जा रहा है। इसके अलावा माना जा रहा है कि अगर पीएम मोदी इस महीने दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में होने वाली ऋ20 समिट में शामिल होते हैं तो उनकी कनाडा के पीएम मार्क कार्नी के साथ मुलाकात हो सकती है। पटरी पर आ रहे रिश्तों में एक चुनौती भीः सितंबर 2023 के बाद से दोनों देशों के रिश्ते बेहद खराब दौर से गुजरे हैं। हालांकि इस साल की शुरूआत में कनाडा में राजनीतिक नेतृत्व में बदलाव के बाद से संबंध धीरे-धीरे पटरी पर आना शुरू हुए है। लेकिन इसके बावजूद कनाडा में अलगाववादी घटनाएं बदस्तूर जारी हैं।

## पाकिस्तान के इस्लामाबाद हाईकोर्ट के पास कार में भीषण बम धमाका, 12 लोगों की मौत



**पाकिस्तान**
**पाकिस्तान** की राजधानी इस्लामाबाद में मंगलवार को एक अदालत के बाहर आत्मघाती विस्फोट होने से 12 लोगों की मौत हो गयी।पाकिस्तान टीवी ने यह जानकारी दी। ह्यडॉनह्न अखबार के अनुसार यह धमाका जी-11 क्षेत्र में जिला एवं सत्र अदालत के समीप हुआ। विस्फोट में कई लोग घायल हुए हैं।
विस्फोट में अदालत के बाहर खड़े कई वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। घायलों में ज्यादातर वे लोग थे जो सुनवाई के लिए अदालत आए थे। अदालत परिसर के बाहर आमतौर पर आगंतुकों की भीड़ रहती है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों में बताया गया है कि वाहन के अंदर एक गैस सिलेंडर फट गया होगा, लेकिन समाचार एजेंसी एपी के अनुसार, पुलिस ने इस पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। विस्फोट के प्रत्यक्षदर्शियों ने एक तेज धमाके की आवाज और उसके बाद मची अफरा-तफरी को याद किया।
रुस्तम मलिक नाम के एक वकील ने कथित तौर पर समाचार एजेंसी एएफपी को बताया कि जब वह अपनी कार पार्क कर रहे थे, तब उन्होंने धमाका सुना। मलिक ने कहा कि वहाँ पूरी तरह अफरा-तफरी मची हुई थी, वकील और लोग परिसर के अंदर भाग रहे थे। मैंने गेट पर दो लाशें पड़ी देखीं और कई कारों में आग लगी हुई थी। इस्लामाबाद में यह विस्फोट उस घटना के एक दिन बाद हुआ है जब पाकिस्तानी सेना ने अफगान सीमा के पास खैबर पख़्तूनख़्वा के वाना शहर में एक सैन्य कॉलेज में कैडेटों को बंधक बनाने की आतंकवादियों की कोशिश को कथित तौर पर नाकाम कर दिया था। एपी के अनुसार, एक आत्मघाती कार हमलावर और पाँच अन्य पाकिस्तानी तालिबान आतंकवादियों ने रात भर चले हमले में इस कॉलेज को निशाना बनाया।

# पीएम मोदी ने किया बड़ा ऐलान, पाकिस्तान ने उड़ाए लड़ाकू विमान!

**पाकिस्तान**
**दिल्ली** में लाल किले मेट्रो स्टेशन के पास हुए ब्लास्ट ने पूरे देश को गुस्से में ला दिया है। इस हमले के तार पुलवामा और फरीदाबाद समेत कई जगह से जुड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। और इस मामले में सलमान, तारिक, आमिर उमर समेत कईयों को पकड़ा भी गया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। एनआईए, एनएसजी और दिल्ली पुलिस की टीम हाई लेवल जांच में जुट गई है। तो वहीं फरीदाबाद में भी बड़ा सर्च ऑपरेशन शुरू हो गया है। यह वही फरीदाबाद है जहां से दिल्ली धमाके से कुछ घंटे पहले ही एक डॉक्टर और संदिग्ध आतंकी के घर से 2500 किलो से ज्यादा विस्फोटक बरामद हुआ था।
कहा जा रहा है कि जिस तरह से इस हमले का आतंकी कनेक्शन जुड़ रहा है, हो सकता है कि मीटिंग में ऑपरेशन सिंदूर जैसा ही कोई बड़ा फैसला लिया गया हो। क्योंकि पीएम मोदी ने साफ कह दिया है कि जो भी इस हमले में शामिल है उनसे सख्ती से निपटा जाएगा। लेकिन हमले के बाद भारत में जिस तरह से एक्शन लिए जा रहे हैं उससे पाकिस्तान में भी हड़कंप मचा हुआ है। पूरे पाकिस्तान में इस बात की घबराहट है कि कहीं भारत नया ऑपरेशन सिंदूर चलाकर उस पर फिर से अटैक ना कर दे क्योंकि ये बात दुनिया को अच्छे से पता है कि आतंकियों का सरगना पाकिस्तान ही है और जितने भी भारत में हमले हुए हैं उन सभी में पाकिस्तान का ही हाथ सामने आया है। इसीलिए ही पाकिस्तान घबराया हुआ है। हमले के बाद पाकिस्तान में खौफ



का क्या आलम है। दरअसल हमले के बाद पूरी रात पाकिस्तान में मीटिंगों का दौर चलता रहा। पीएम शहबाज शरीफ भी एनएसए और डीजीआईएसआई के साथ देर रात तक बैठकें करते रहे। अब हमले की घबराहट में पीएम शबाज ने राजस्थान से लगी सीमा पर वायु सेना की पेट्रोलिंग शुरू करा दी है। यही नहीं बल्कि पाकिस्तान की तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने एक इमरजेंसी बैठक की है। पूरा पाकिस्तान हाई अलर्ट पर है। यानी कि ब्लास्ट के बाद जिस तरह की चर्चा पूरे भारत में है अब पाकिस्तान को भी वही भय सता रहा है।
अमेरिकी दूतावास ने भारत में मौजूद अपने लोगों से लाल किले के आसपास और अन्य भीड़भाड़ वाले पर्यटक स्थलों से दूरी बनाए रखने और सतर्क रहने की सलाह दी है। इसी के साथ ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय ने भी चेतावनी जारी करते हुए अपने नागरिकों को भारत-पाकिस्तान सीमा से 10 किमी के अंदर आने वाले इलाकों में यात्रा ना करने की सलाह दी है। ब्रिटिश सरकार ने अपने लोगों को जम्मू कश्मीर और मणिपुर राज्य में ना जाने की एडवाइजरी जारी की है।

# युनूस को सेना ने चारो ओर से घेरा! भारत से शेख हसीना ने बड़ा खेल कर दिया?

**बांग्लादेश**
**बांग्लादेश** में एक बार फिर विद्रोह शुरू हो गया है और आशंकाएं लगाई जाने लगी हैं कि मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार का अब तख्तापलट होने वाला है। बता दें आपको और यह तख्तापलट कोई और नहीं बल्कि शेख हसीना की पार्टी ही करवाएगी। बांग्लादेश में शेख हसीना की पार्टी के जो कार्यकर्ता हैं वह सड़कों पर उतर आए हैं और सेना के तमाम अधिकारी भी मोहम्मद यूनुस के खिलाफ खड़े हो गए हैं। खबर यह है कि 13 नवंबर को बड़ा विद्रोह




करने की तैयारी हो रही है। लॉकडाउन बकायदा ढाका में लगाने की तैयारी शेख हसीना की पार्टी के कार्यकर्ता कर रहे हैं और इन सभी स्थितियों को देखते हुए पूरे ढाका को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। 142 से ज्यादा जगहों पर 7000 से ज्यादा पुलिसकर्मियों की तैनाती कर दी गई है।
पिछले साल अवामी लीग सरकार के पतन के बाद, बीएनपी और जमात अक्सर सुधारों सहित विभिन्न मुद्दों पर एक-दूसरे के विरोधी रहे हैं। जमात और इस्लामवादी विचारधारा वाली आठ अन्य पार्टियों ने 11 नवंबर को ढाका में एक रैली की घोषणा की है। उनकी मुख्य माँगें जुलाई के राष्ट्रीय चार्टर को लागू करने का आदेश और नवंबर के भीतर उस पर जनमत संग्रह कराना और आगामी राष्ट्रीय चुनावों में दोनों सदनों या किसी एक उच्च सदन में आनुपातिक प्रतिनिधित्व (पीआर) प्रणाली लागू करना हैं।

# 8 डेमोक्रेट सांसदों ने बचा लिया अमेरिका!



**अमेरिका**
**अमेरिका** में पिछले 40 दिनों से चल रहा शटडाउन अब समाप्त होने की दिशा में बढ़ रहा है। अमेरिकी सेनेट ने एक दलीय सहमति वाले प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जो अब प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) में विचार के लिए भेजा गया है। इस बिल के तहत ज्यादातर संघीय एजेंसियों को जनवरी तक फंडिंग दी जाएगी और शटडाउन से प्रभावित कर्मचारियों को बकाया वेतन (बैक पे) देने की गारंटी होगी।
यह समझौता पिछले सप्ताह के अंत में डेमोक्रेटिक सीनेटर जीन शाहीन और मैगी हसन (न्यू हैम्पशायर) ने रिपब्लिकन नेता जॉन थ्यून और वाइट हाउस प्रतिनिधियों के साथ मिलकर तैयार किया। कम से कम आठ डेमोक्रेट सेनेटरों ने अपनी पार्टी लाइन हटकर इस बिल का समर्थन किया। उनकी मदद से बिल 60 वोटों से पारित शटडाउन खत्म करने के लिए डील, जनवरी तक फंड जारी हुआ। हालांकि, डेमोक्रेटिक नेता चक शूमर ने इस प्रस्ताव का विरोध किया।
अमेरिका में 40 दिन से जारी शटडाउन को खत्म करने के लिए एक डील हुई है। 8 डेमोक्रेट सीनेटरों ने ट्रम्प की पार्टी के सीनेटरों के साथ वोटिंग कर 31 जनवरी तक के लिए फंड जारी करा दिए हैं। हालांकि, शटडाउन पूरी तरह खत्म नहीं हुआ। डेमोक्रेट्स का कहना है कि ट्रम्प हेल्थ केयर जारी रखने पर वादा करेंगे तभी फुल फंड बिल पास करेंगे।

1600 उड़ाने रद्द
अमेरिका के विभिन्न एयरपोर्ट से उड़ानों को रद्द करना पड़ रहा है। 10 नवंबर की सुबह तक विमानन कंपनियों ने करीब 1,600 उड़ानें उड़ानें रद्द की है और मंगलवार को भी करीब 1,000 उड़ानें रद्द करने की घोषणा की जा चुकी है।

# इजरायल ने कर दिया तगड़ा ऐलान, फिर हुआ खेल!

**इजरायल**
**एक** कहावत है कि किले के दरवाजे हमेशा अंदर से ही खुलते हैं। दिल्ली के लाल किले के पास जो हुआ उसने इस खतरनाक सच को साबित कर दिया है। भारत में बैठे कुछ गद्दारों ने अपने ही देश पर आतंकी हमला किया है। भारत को बर्बाद करने के लिए एक खतरनाक पैटर्न देखने को मिला है जिसे इजराइल भी झेल चुका है। इसी को देखते हुए इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने ऐलान किया है कि हम भारत के साथ खड़े हैं। हम इस हमले की निंदा करते हैं। पहलगाम हमले के बाद ही इजराइल ने सीधे तौर पर कहा था कि हम भारतीय सुरक्षा बलों के साथ खड़े हैं।
इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने दिल्ली के प्रतिष्ठित लाल किले के पास हुए घातक विस्फोट के बाद भारत के लोगों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की। इस विस्फोट



में कम से कम आठ लोगों की जान चली गई और कई अन्य घायल हो गए। मैं भारत के लोगों और विशेष रूप से दिल्ली के मध्य में हुए विस्फोट में मारे गए निर्दोष पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी और इजरायल की गहरी संवेदना व्यक्त करता हूँ।
हैरानी की बात देखिए कि ऐसे आतंकियों को बचाने के लिए एक इंफॉर्मेशन वॉर तक शुरू कर दी गई है। हमले के बाद ऐसे लोगों के बचाव में फर्जी फैक्ट चेकर्स और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की एक फौज तैयार कर दी गई है। इन लोगों का काम सोशल मीडिया पर आतंकी डॉक्टर्स और इंजीनियर्स के लिए एक पॉजिटिव नैरेटिव तैयार करना है। यह एक ऐसी जंग है जो भारत के लिए बहुत खतरनाक साबित हो सकती है। कुछ समय पहले इजराइल के एक यूट्यूबर ने भी ऑस्ट्रेलिया के ऐसे ही दो डॉक्टर्स को पकड़ा था, जिन्होंने कैमरे पर कुबूल किया था कि वह इलाज करवाने आए सारे यहूदियों को मार देना चाहते हैं।
एक इजरायली एक्सपर्ट ने कहा है कि भारत ने एक ऐसे आतंकी हमले को रोका है जो ढाई लाख से ज्यादा लोगों को मार सकता था। इस इजरायली एक्सपर्ट ने कहा कि भारत ने जिस आतंकी को पकड़ा है उसके पास करीब 4 किलो रेजिन जहर था जो अमेरिका के मायामी शहर को खत्म करने के लिए भी काफी था।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा